

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 160 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 15 अप्रैल 2023



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर अम्बेडकर जयंती और रियूनियन समारोह का हुआ आयोजन...

डॉ. बाबासाहेब जयंती पर भाजपा ने किये अनेक कार्यक्रम .... पेज -8 पर


## जिस संविधान के तहत आप मुख्यमंत्री बने उसी संविधान पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हो, क्या संविधान और राज्यपाल आपके सुविधानुसार होंगे - बृजमोहन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, भूपेश बघेल जी जिन्होंने आप को शपथ दिलाई, जिस संविधान के तहत आप मुख्यमंत्री बने हो, आप उसी संविधान पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हो। संविधान और राज्यपाल आपके सुविधानुसार होंगे क्या? आप संविधान का अपमान कर रहे हैं। राज्यपाल की समीक्षा का अधिकार राष्ट्रपति को है, संसद को है। आप अपने आपको राष्ट्रपति, संसद, संविधान से ऊपर मानने लगे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि,



नेहरू जी, इंदिरा जी और नरसिम्हा राव जी ने कभी ऐसी बातें नहीं की। सीएम पहले छत्तीसगढ़ की चिंता कर लें। उसके बाद राज्यपाल के अधिकारों की चिंता करें।

### बाबा साहब अंबेडकर को कांग्रेस ने कभी महत्व नहीं दिया

*बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के बयान पर भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि, शैलजा जी देश के संविधान के तहत सांसद, विधायक और मंत्री बनी हैं। तब आपको संविधान खतरे में दिखाई नहीं दिया, अब आप उस पर ही प्रश्नचिन्ह लगा रही है। कांग्रेस इसी लोकतंत्र और संविधान के तहत होने वाले चुनाव में हांसिए में जा रही है, तब आपको लोकतंत्र खतरे में दिखाई दे रहा है। बाबा साहब अंबेडकर को कांग्रेस ने कभी महत्व नहीं दिया। बाबा साहब कितने महान थे, ये बताने का काम भाजपा ने किया है।*

## दूसरे राज्यों से आकर बसने वाले लोग प्रदेश में फैला रहे अशांति-धरमलाल कौशिक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में BJP दूसरे राज्यों से आकर बसने वालों का सत्यापन करायेगी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार विशेष समुदाय के लोग अवैध रूप से बसते जा रहे। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है अब स्थिति अशांत हो गई है। तो छत्तीसगढ़ आखिर अपराध गढ़ में क्यों बदल गया। सुकमा से लेकर नारायणपुर और जशपुर की घटनाओं का मुख्य कारण यही है। बाहरी लोग प्रदेश में अशांति फैला रहे हैं।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री आज बिलासपुर और रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 अप्रैल को बिलासपुर और रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड से पूर्वान्ह 11.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 12 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे और वहां कालीबाड़ी मैदान रेलवे परिक्षेत्र में 'बंग्ला नववर्ष एवं शताब्दी समारोह' में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल बिलासपुर से दोपहर 1.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 1.45 बजे दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के जामगांव (आर) कॉलेज ग्राउण्ड पहुंचेंगे और वहां से कार द्वारा 1.55 बजे गुढियारी (पाटन) आयेंगे। मुख्यमंत्री वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 2.50 बजे रायपुर लौटेंगे।

#### नए विधानसभा भवन में लगेगी डॉ . अम्बेडकर की प्रतिमा, चरणदास महंत ने दी जानकारी



रायपुर। देशभर में अंबेडकर जयंती मनाई जा रही है। अंबेडकर जयंती के मौके पर हर राज्य में कोई ना कोई बड़ा कार्यक्रम और आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भी कई जगह बड़े धूमधाम से अंबेडकर जयंती मनाई जा रही है। रायपुर के नए विधानसभा भवन में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जाएगी। इस बात की जानकारी खुद छत्तीसगढ़ विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दी है। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के मौके पर केंद्र सरकार ने देशभर में अवकाश की घोषणा की है.

# बाबा साहेब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री

### बाबा साहेब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत, मुख्यमंत्री अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया हमारा संविधान हैं। हमारा संविधान हमें अधिकार सम्पन्न बनाता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए।

मुख्यमंत्री ने इसके पहले अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा





पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी तरफ बाबासाहेब अंबेडकर दबे कुचले समाज को अधिकार दिलाने के लिए संगठित कर संघर्ष कर रहे थे। बाबासाहेब ने समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षित और संगठित होकर संघर्ष करने की प्रेरणा दी। श्री बघेल ने कहा कि बाबा साहेब ने यह महसूस किया कि भारतीय समाज की सबसे बड़ी कमजोरी शिक्षा की है। उन्होंने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। वैचारिक दृष्टि से हम बहुत ऊंचे हैं, लेकिन हमारा व्यवहार वैसा नहीं है। हमारे समाज में मनुष्यों के साथ भेद-भाव किया जाता है, समानता का व्यवहार नहीं किया जाता।

बाबा साहेब सहित देश के अनेक महापुरूषों ने भारतीय समाज की इस बुराई को महसूस किया और इसके विरूद्ध लड़ाई लड़ी। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलितों, शोषितों और पीड़ितों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बाबा साहेब जैसे महापुरूष



सदियों में एक बार पैदा होते है, उन्होंने हमें 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का मंत्र दिया। उनके यही विचार हमें संघर्ष करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध के प्रज्ञा, करूणा और मैत्री के संदेश को आत्मसात किया। आज समाज को इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## हीरानगर में पकड़ी गई शराब बेचने वाली महिला, उरला पुलिस ने की कार्रवाई



**रायपुर।** शराब के साथ महिला आरोपी जानकी उर्फ दुकहीन भारती को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत हीरानगर अछोली बरगद पेड़ पास एक महिला थैले में शराब रखीं है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला निरीक्षक बृजेश कुशवाहा के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये की महिला को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम जानकी उर्फ दुकहीन भारती अछोली उरला रायपुर का होना बताया।

## तहसीलदार के ट्रांसफर पर रोक हाईकोर्ट ने अधिकारियों से मांगा जवाब

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में कसडोल विधायक व संसदीय सचिव शकुंतला साहू के समर्थक का ट्रक पकड़ने पर जिस तहसीलदार का तबादला कर दिया गया था, उस पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने संबंधित से जवाब भी मांगा है। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। उल्लेखनीय है कि, बलौदाबाजार जिले



के पलारी तहसीलदार नीलमणि दुबे का प्रतिनियुक्ति पर 29 मार्च को सिंगल आदेश निकालकर तबादला कर दिया गया था। तहसीलदार नीलमणि दुबे, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा और आरआई प्रीतम चंद्राकर की टीम ने 29 मार्च को अवैध रेत उत्खनन कर ले जा रहे ट्रक को पकड़ा था। इस पर कार्रवाई करने से विधायक शकुंतला साहू नाराज हो गई थी। कार्रवाई के कुछ ही घंटों बाद ही राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग ने सिंगल आदेश निकालकर तहसीलदार नीलमणि दुबे को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया था।

## पिता और पुत्री तालाब में डूबे

### मछली पकड़ने गए थे, दूसरे दिन मिली लाश, गांव में पसरा मातम

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अम्बिकापुर में गुरुवार को मछली मारने गए पिता-पुत्री तालाब में डूब गए। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर शुक्रवार को दोनों की लाश बरामद की है। मामला उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरहडीहा खालमुंडा का है। मिली जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर के ग्राम जरहडीहा खालमुंडा में पिता-पुत्री गुरुवार को तालाब में मछली मारने गए थे। इस दौरान दोनों तालाब में डूब गए। इसकी जानकारी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को मिलते ही मौके पर पहुंचकर दोनों की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार को कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर पिता-पुत्री के शव को बाहर निकाला गया।

## हीराकुंड, छत्तीसगढ़ और समता एक्सप्रेस के समय में हुए परिवर्तन



**बिलासपुर ।** यात्रियों की सुविधा व मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने तीन ट्रेनों के परिचालन समय में आंशिक बदलाव किया है। रेलवे का मानना है कि 12807 विशाखापत्तनम-निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस, 20807 विशाखापत्तनम ङ्क अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की समय सारणी में बीना एवं निजामुद्दीन के बीच के स्टेशन में आंशिक परिवर्तन होने से यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे ने पहले इसका आकलन किया। साथ ही यह भी देखा कि इससे कोई दूसरी ट्रेन प्रभावित तो नहीं हो रही। जब पूरी तरह आकलन कर लिया गया, उसके बाद ही ट्रेनों का समय बदला गया। इसकी जानकारी स्टेशनों में दी जा रही है। इसके अलावा मैसेज के माध्यम से भी यात्रियों को सूचना भेजी जा रही है। शुरुआत के एक-दो फेरे में दिक्कत भी हो सकती है। लेकिन इस बाद जब जानकारी मिल जाएगी, उसके बाद किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इससे यात्रियों को राहत ही मिलेगी।

विशाखापत्तनम- निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस का समय 12 अप्रैल से बदला है। इसके तहत यह ट्रेन बीना में 8:45 बजे, ललितपुर 9:33 बजे, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी 11:12 बजे, ग्वालियर 12:45 बजे आगर केंट 15:00 बजे, राजा की मंडी 15:13 बजे, मथुरा 15:45 बजे, फरीदाबाद 17:35 बजे और निजामुद्दीन 18:10 बजे पहुंचेगी।

## छात्रावास में फूटा कोरोना बम, 39 छात्र-छात्राएं कोरोना पॉजिटिव, मचा हड़कंप

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में कोरोना विस्फोट हुआ है. आश्रम के छात्रावास में कोरोना बम फूटा है. 39 छात्र-छात्राएं कोरोना पॉजिटिव मिले हैं. मैनपुर में 24 छात्र और हरदीभाठा में 15 छात्र संक्रमित मिले हैं। कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 43 हो गई है. कोरोना पॉजिटिव विद्यार्थियों को अलग से कमरे में रखा गया है. स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। इसके पहले गरियाबंद के देवभोग में कोरोना मरीज मिले थे. कस्तूरबा विद्यालय के स्वीपर और 3 छात्राओं





की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी. माड़ागांव में एक महिला के कोरोना मरीज की पुष्टि एमएमआई ने किया था. वहीं बीएमओ सुनील रेड्डी ने कोटेक्ट ट्रेसिंग के अलावा अस्पताल में उपचार कराने वाले मरीजों की कोरोना जांच शुरू की.

## अप्रैल माह में ही भीषण गर्मी, सड़को में सन्नाटा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मार्च और अप्रैल की शुरुआत में सक्रिय सिस्टम के हटते ही तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया है. सुबह से ही सूरज की किरणें चुभने लगी हैं. दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है. बाजार में धीरे-धीरे भीड़ छंटती जा रही है. यह स्थिति तब है, जब तापमान अप्रैल के अपने अधिकतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी रायपुर में ही अप्रैल में अब तक का सर्वाधिक तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस रहा



है. यह स्थिति 30 अप्रैल 1942 की थी. वहीं, पिछले साल 29 अप्रैल को 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान था. 13 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 15.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर है. वहीं आर्द्रता 41 से 32 प्रतिशत के बीच है. हालांकि रायपुर के जलवायु लक्षण के मुताबिक यहां औसत आर्द्रता 42 से 23 प्रतिशत के बीच होती है. यानी 19 प्रतिशत का अंतर होता है. बता दें कि आर्द्रता कम होने पर ज्यादा गर्मी का अहसास होता है। राज्य के दूसरे शहरों की बात करें तो जगदलपुर में औसत आर्द्रता 56 से 36 प्रतिशत के बीच होती है. औसत अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस होता है।

**मुलाकात...** आदिवासियों का हित संरक्षित करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता

# आदिवासियों का हित संरक्षित करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता: मुख्यमंत्री



**रायपुर।** विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति भुंजिया व कमार समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज



### विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजाति भुंजिया व कमार समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

यहां उनके निवास परिसर में गरियाबंद, महासमुंद और धमतरी जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया और कमार समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के हितों का संरक्षण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। राज्य सरकार ने पिछले 4 सालों में अनुसूचित जनजाति के हितों में अनेक फैसले लिए हैं।

मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव श्री विनोद सेवन लाल चंद्राकर, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, समाज के प्रतिनिधि श्री नवतू राम, श्री गुंजलाल कमार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सीधी भर्ती के संबंध में युवाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया।



## चार तोड़ने जंगल गया था बैगा युवक, भालू ने किया हमला , हालत नाजुक

**लोरमी।** मुंगेली जिले के लोरमी तहसील अंतर्गत खुड़िया वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनग्राम सलगी में एक युवक पर भालू ने जानलेवा हमला कर दिया. वहीं इस घटना को लेकर गांव के ही अविनाश अश्रु ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे गांव के ही 6 अन्य दोस्तों के साथ चार तोड़ने जंगल गए हुए थे। इस दौरान जंगल में तीन भालू दिखाई दिए. इस बीच भालू के दोनों बच्चे तो जंगल की ओर बढ़ गए, लेकिन मादा भालू ने युवक पर हमला कर दिया, जिस हमले में युवक के हथेली का एक उंगली गायब हो गया. जानकारी के मुताबिक भालू 24 वर्षीय रमेश बैगा पर हमला किया है. वहीं हमले से उनके सिर





पैर सहित शरीर के कई अन्य जगहों में गंभीर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं. इधर घायल युवक को सूचना के बाद आनन-फानन में 108 की मदद से लोरमी के 50 बिस्तर अस्पताल लाया गया. जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है.

### गांव में दहशत का माहौल

*इस घटना से आसपास गांव में दहशत का माहौल है. लोगों में डर बना हुआ है कि कहीं भालू दूसरे लोगों को भी अपना शिकार न बना ले. खुड़िया के रेंजर लक्ष्मण दास पात्रे ने बताया कि भालू के हमले से एक युवक घायल हुआ है, जिसका उपचार लोरमी के अस्पताल में जारी है. उन्होंने यह भी बताया कि घटना झिरिया गांव की है, लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि घटना सलगी गांव की है.*

# नीतिः मिशन लाइफ का केंद्र है जल प्रबंधन, जी-20 सम्मेलन में भी उठेगी बात

जलवायु परिवर्तन की उत्पत्ति का पता ट्रेजेडी ऑफ कॉमन्स नामक एक आर्थिक सिद्धांत से लगाया जा सकता है, जो बताता है कि जब व्यक्तियों के पास एक समान संसाधन तक पहुंच होती है, तो वे अपने हित में कार्य करते हैं, दूसरों पर उनके प्रभाव को देखते हुए स्वार्थी निर्णय लेते हैं। पृथ्वी हमारा साझा संसाधन है, और इसी मानवीय प्रवृत्ति ने हमें जलवायु परिवर्तन के रूप में ज्ञात इस खतरे में धकेला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 ग्लासगो में आयोजित सीओपी-26 में इस पर प्रकाश डाला। एक पहलू जिसे उन्होंने समझाया, वह थी, एलआईएफई (लाइफ) की अवधारणा यानी पर्यावरण के लिए जीवन शैली। मिशन लाइफ का केंद्र जल है।

जब भारत ने एक दिसंबर, 2022 को जी-20 की अध्यक्षता संभाली, तो हमने वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श वाक्य के साथ एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के दृष्टिकोण को साझा किया। यदि दुनिया को जलवायु परिवर्तन के संकट से जीतना है, तो जी-20 देशों को अत्यधिक प्रयास करना होगा, क्योंकि दुनिया का 80 फीसदी उत्सर्जन इन देशों के कारण होता है। यद्यपि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव व्यापक है, यहां जल संसाधन प्रबंधन की चर्चा की जा रही है।

भारत तकनीकी अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं और अत्याधुनिक उपकरणों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से जल संसाधन विकास और प्रबंधन में जी-20 सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत का मानना है कि जल हमारे विकास प्रतिमान के केंद्र में होना चाहिए।

27-29 मार्च, 2023 के दौरान गांधीनगर में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक में जलशक्ति मंत्रालय के नेतृत्व में जल संसाधन प्रबंधन पर एक कार्यक्रम था। जल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराने के लिए एकत्रित देशों के साथ, भारत ने फिर से पुष्टि की कि उसकी प्राथमिकताएं, नीति और कार्य एसडीजी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित रूप से जुड़े हैं। जल संसाधनों के एकीकृत और सतत उपयोग/पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन, जल निकाय पुनरुद्धार, नदी संरक्षण, वर्षा जल प्रबंधन आदि विविध विषयों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं, जो सभी जी-20 सदस्यों के लिए बहुत मूल्यवान होंगी।




भारत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से जल प्रबंधन में जी-20 सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने अपने 1.4 अरब लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई पहल की है। देश में जल प्रबंधन के लिए अधिक तालमेल और सामंजस्य रखने के लिए एकीकृत जलशक्ति मंत्रालय का सृजन किया गया था।

दुनिया के सबसे बड़े पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम जल जीवन मिशन के माध्यम से, आज 11.6 करोड़ से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया गया है। हाल के अध्ययनों के अनुसार, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से पांच वर्ष से कम आयु के 1.36 लाख बच्चों का जीवन बचाया जा सकेगा। हमारे अन्य प्रमुख अभियान, स्वच्छ भारत अभियान ने 10 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण से भारत को 100 फीसदी खुले में शौच से मुक्त बना दिया, जिसने विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, तीन लाख बच्चों के जीवन को बचाया। भारत ने जलवायु लचीलेपन के लिए रणनीतियों के माध्यम से जल संसाधन विकास पर किए गए कार्यों को भी साझा किया, जिसमें महत्वपूर्ण जल भंडारण के बुनियादी ढांचे और भागीदारी, भूजल के बेहतर प्रबंधन के लिए बांध पुनर्वास कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने भारत की प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को देखने के लिए गुजरात के अडालज वाव में बावड़ी का भी दौरा किया। इसके बाद साबरमती साइफन संरचना का दौरा किया, जो एक आधुनिक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसने चुनौतीपूर्ण जल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को डिजाइन और निष्पादित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित किया। दूसरी ईसीएसडब्ल्यूजी बैठक एक स्थायी भविष्य की दिशा में जी-20 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रयासों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गजेंद्र सिंह शेखावत

## संपादकीय

### रिमोट ईवीएम योजना पर रोक

ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है।

यह अच्छी बात है कि चुनाव आयोग ने विपक्षी पार्टियों की ओर से उठाए गए सवालों पर विचार किया है और रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को टाल दिया है। चुनाव आयोग ने पिछले साल दिसंबर में एक कांसेप्ट नोट तैयार किया था और उसे करीब 60 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियों के पास भेजा गया था। इनमें से बहुत कम पार्टियों ने आयोग को अपना रिस्पांस भेजा है। ज्यादातर बड़ी पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। उनको लग रहा है कि घर से दूर प्रवासी मतदाताओं को अपने गृह क्षेत्र में वोट देने की सुविधा देने के लिए खासतौर से डिजाइन की गई इस मशीन का दुरुपयोग संभव है। वैसे भी ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर कई विपक्षी पार्टियों को बड़ी आपत्ति है और उन्होंने कई बहुत ठोस सबूतों के आधार पर अपनी आशंका चुनाव आयोग को बताई है।


ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। रिमोट वोटिंग के लिए चुनाव आयोग ने विशेष मशीन डिजाइन कराई है उसमें एक मशीन में एक से ज्यादा चुनाव क्षेत्र का बैलेट पेपर अपलोड करना होगा और यह काम हर जिले का निर्वाचन अधिकारी करेगा। इसके लिए मशीन का इंटरनेट से जुड़ा होना जरूरी होगा। यानी आरवीएम स्टैंडअलोन मशीन नहीं होगी। इसे रिमोटली हैंडल किया जा सकेगा।

## पाकिस्तान में संविधान की स्वर्ण जयंती पर सियासी संकट, केंद्र में सर्वोच्च न्यायपालिका

*जैसा कि वे कहते हैं-देर आए दुरुस्त आए। हाल ही में पाकिस्तान के हिंदू समुदाय के लिए एक अच्छी खबर आई, जिसकी वे वर्षों से मांग कर रहे थे। इस्लामाबाद प्रशासन ने 2017 के हिंदू विवाह अधिनियम के नियमों और प्रक्रियाओं की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की है। यह एक ऐसा कानून है, जो पाकिस्तानी हिंदू को अपनी शादी और सभी प्रासंगिक अनुष्ठानों का जश्न मनाने का अधिकार देता है, जो सार्वजनिक रूप से विवाह समारोह से जुड़े हैं। यह एक बुनियादी स्वतंत्रता है, जिसका हर किसी को आनंद लेना चाहिए।*

यह दुखद है कि इस सांविधानिक अधिकार को मूर्त रूप देने में इतना समय लगा। हालांकि खुद हिंदू समुदाय और सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह कानून पूरे देश में, विशेष रूप से सिंध में लागू हो, जहां सबसे अधिक संख्या में हिंदू रहते हैं। कानून अब हिंदू जोड़े को विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अधिकार देता है, ताकि विवाह को पंजीकृत किया जा सके और वैध समझा जाए।

पाकिस्तानी महिलाओं के लिए यह घोषणा भी अच्छी खबर है कि ऑस्कर विजेता निर्देशक शरमीन ओबैद-चिनॉय को 'स्टार वार्स' फ्रेंचाइजी में फिल्म निर्देशित करने के लिए नामित किया गया है, जो न सिर्फ यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली महिला हैं, बल्कि पहली अश्वेत भी हैं। वह पहले ही डिज्नी टीवी शो के कई एपिसोड और कई वृत्तचित्र निर्देशित कर चुकी हैं। लेकिन



इस हफ्ते जब पाकिस्तान अपने संविधान की स्वर्ण जयंती मनाने में व्यस्त है, तब वहां सांविधानिक संकट गहरा गया है। इस बार संकट के मूल में यहां का सुरक्षा प्रतिष्ठान नहीं है, बल्कि सर्वोच्च न्यायपालिका है।

जैसा कि हम इस क्षेत्र में एक अन्य पाकिस्तानी महिला और उनकी अनेक बहनों की सफलता का जश्न मना रहे हैं, मैं अफगानिस्तान की बहनों के बारे में सोचने से खुद को नहीं रोक पा रही हूं। क्रूर तालिबानी शासन द्वारा दिन-ब-दिन उनका दमन किया जा रहा है और हालांकि दुनिया के हर देश में आवाज उठाई गई है, लेकिन इससे तालिबान को कोई फर्क नहीं पड़ता है, जिन्होंने इस सप्ताह उनके पार्कों और रेस्तरांओं में जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया।

पाकिस्तान इस हफ्ते अपने संविधान की स्वर्ण जयंती मनाने में व्यस्त है, जो सभी राजनीतिक दलों द्वारा आम सहमति का दस्तावेज है, और जो लंबे समय तक सैन्य शासन एवं स्वयं सांसदों द्वारा इसे बार-बार संशोधित करने के बावजूद बरकरार है। लेकिन एक बहुत ही कमजोर लोकतंत्र वाले देश में यही एकमात्र दस्तावेज है, जो संघ और प्रांतों की संरचना को एक साथ जोड़े हुए है। हालांकि ये उत्सव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब सबसे बड़े सांविधानिक संकटों में से एक महीने भर से ज्यादा समय से सुर्खियों में है। परंपरागत रूप से पाकिस्तान में राजनीतिक या सांविधानिक संकट में हमेशा सुरक्षा प्रतिष्ठान शामिल रहता है, क्योंकि वह हमेशा राजनीतिक दखल देने और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने की कोशिश करता है और वह भी व्यापक राष्ट्रीय हित के नाम पर। लेकिन इस बार सांविधानिक संकट शाहबाज शरीफ सरकार और मुल्क के प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल के बीच टकराव को लेकर है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ के कई न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायालय में %वन मैन शो% चलाने और अनगिनत स्वतः संज्ञान नोटिस द्वारा न्यायपालिका के अनावश्यक राजनीतिकरण करने के लिए प्रधान न्यायाधीश की आलोचना की है। सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के बीच टकराव का मुख्य बिंदु यह है कि सरकार अलग चुनाव नहीं कराना चाहती है, बल्कि देश में अक्तूबर में आम चुनाव कराना चाहती है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ की पंजाब प्रांत में सरकार है। पंजाब और खैबर पख्तुनख्वा सरकार ने कुछ समय पहले दोनों प्रांतों की विधानसभाएं भंग कर दी। और अब संविधान के अनुसार 90 दिनों के भीतर चुनाव होने हैं। मामले-दर-मामले प्रधान न्यायाधीश का पक्षपात देखा जा सकता है, जहां वह पीटीआई प्रमुख इमरान खान को बार-बार राहत दे रहे हैं।

मरिआना बाबर

## मिला जुला

### दिल्ली में एक बड़े नेता ने दी थी पनाह

# असद को छिपाने के लिए अतीक ने मांगी थी डॉन अबू सलेम से मदद

**उमेश** पाल हत्याकांड में वांछित अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम का यूपी एसटीएफ ने गुरुवार (13 अप्रैल) को एनकाउंटर कर दिया। वहीं, अतीक के वकील ने बताया कि नाना और मौसा के अलावा कुछ रिश्तेदार ही शुक्रवार को असद के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। प्रयागराज में असद का जनाजा निकलेगा लेकिन अतीक शामिल नहीं हो सकेगा। हालांकि, अतीक ने असद को पनाह देने के लिए माफिया डॉन अबू सलेम के करीबियों के अलावा दिल्ली के एक बड़े राजनेता की मदद भी ली थी। उमेश पाल के मर्डर के बाद असद अहमद और शूटर गुलाम को पनाह देने के लिए अतीक ने अंतरराष्ट्रीय माफिया डॉन अबू सलेम के करीबियों के अलावा दिल्ली के एक बड़े राजनेता की मदद भी ली थी। अबू सलेम ने गुर्गों ने असद के पुणे में रुकने के लिए ठिकाने का इंतजाम किया था।



### जेल से अशरफ दे रहा था इंस्ट्रक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक अतीक अहमद ने साबरमती जेल में बैठे-बैठे ही असद को लेकर तैयारी की थी। अतीक का भाई अशरफ जेल से ही फेसटाइम ऐप के जरिए शूटरों से संपर्क में था और उन्हें कहां जाना है, किसके यहां रुकना है, इसका निर्देश दे रहा था। जानकारी के मुताबिक उमेश पाल की हत्या करने के बाद असद और गुलाम प्रयागराज से कानपुर और फिर मेरठ में होते हुए नोएडा पहुंचे। कुछ दिन नोएडा में रहने के बाद दोनों अपराधी राजधानी दिल्ली में चले गए। वहां पर एक बड़े नेता ने दिल्ली के संगम विहार में उनके रहने का इंतजाम कराया था।

#### अतीक अहमद को पुलिस कस्टडी से भगाने की फिराक में थे

असद और गुलाम दोनों 14 मार्च तक दिल्ली में रुकने के बाद अजमेर निकल गए। इसके बाद अशरफ ने बरेली जेल से फेसटाइम के जरिए असद को नासिक जाने के लिए कहा। नासिक से असद और गुलाम पुणे पहुंचे, जहां अबु सलेम के करीबियों ने दोनों के रुकने का इंतजाम करवाया।

# पीएम मोदी बोले- पिछली सरकारों ने असम के लिए कुछ नहीं किया

## हमने आज नॉर्थ-ईस्ट को पहला एम्स दिया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एम्स गुवाहाटी और तीन मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि हमने नॉर्थ-ईस्ट को पहला एम्स दिया है। पिछली सरकारों ने असम के लिए कुछ नहीं किया।

पीएम मोदी ने मई 2017 में एम्स गुवाहाटी की आधारशिला रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एम्स उत्तर-पूर्व के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने देश को 500 बेड वाले तीन मेडिकल कॉलेजों यानी नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज, नागांव मेडिकल कॉलेज और कोकराझार मेडिकल कॉलेज भी समर्पित किया।



### पीएम मोदी ने कहा- लाखों लोगों तक पहुंचेगा आयुष्मान कार्ड

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर-पूर्व को अपना पहला एम्स और असम को 3 नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। एम्स -गुवाहाटी के साथ मिलकर आधुनिक रिसर्च के लिए 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशलिटी वाले अस्पताल का भी शिलान्यास हुआ है। असम के लाखों-लाख साथियों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का काम मिशन मोड पर शुरू हुआ है। पिछले नौ साल में हमने इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स पर काम किया है और इसलिए हर कोई कनेक्टिविटी से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की बात करता है।

### विपक्ष पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कल नई बीमारी देखने को मिल रही है। मैं देश में कहीं भी जाता हूं और 9 वर्षों में हुए विकास की चर्चा करता हूं तो उससे कुछ लोगों को परेशानी हो जाती है। वह शिकायत करते हैं कि दशकों तक उन्होंने भी देश पर राज किया, उन्हें श्रेय क्यों नहीं मिलता। श्रेय के भूखे लोगों और जनता पर राज करने की भावना ने देश का बहुत अहित किया है।

### हम सेवक की भावना से काम करते हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपके सेवक होने की भावना से काम करते हैं, इसलिए नॉर्थ-ईस्ट हमें दूर भी नहीं लगता और अपनेपन का भाव भी बना रहता है। आज नॉर्थ-ईस्ट में लोगों ने विकास की बागडोर आगे बढ़कर खुद संभाल ली है। भारत के विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करती है

पीएम मोदी ने कहा कि हमने बीते वर्षों में 15 नए एम्स पर काम शुरू किया। इनमें से अधिकतर में इलाज और पढ़ाई दोनों सुविधा शुरू हो चुकी है। एम्स- गुवाहाटी भी इसका परिणाम है कि हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है। यह असम की जनता का प्यार है कि मुझे खींचकर ले आता है।

### हमने जनता की मुश्किलों को कम करने पर फोकस किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकारों में नीति, नीयत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम इसी भावना से तय होती हैं। इसलिए हमने वोटबैंक की बजाय देश की जनता की मुश्किलों को कम करने पर फोकस किया। हमने लक्ष्य बनाया कि हमारी बहनों को इलाज के लिए दूर ना जाना पड़े। हमने तय किया कि किसी गरीब को, पैसे के अभाव में अपना इलाज ना टालना पड़े।

# 'माफिया अतीक के बेटे के एनकाउंटर पर अखिलेश यादव का दुख लाजमी', जानें कैलाश विजयवर्गीय ने क्यों कहा ऐसा?

**असद** एनकाउंटर को लेकर मध्य प्रदेश में भी राजनीतिक हलचल तेज हुई है. कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में बड़ा बयान देते हुए कहा है कि आत्मरक्षा का अधिकार पुलिस के पास भी है. पुलिस पर अगर कोई गोली चलाएगा तो उसे गोली से ही जवाब मिलेगा. यूपी के एनकाउंटर को लेकर कैलाश विजवर्गीय ने



योगी सरकार की जमकर तारीफ की.

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा क्राइम यूपी में ही था, लेकिन मुख्यमंत्री पद की कुर्सी संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार ने जिस तरह से अपराध को कम करने का काम किया है, यह काबिल-ए-तारीफ है. कैलाश विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया के सिर पर किसका हाथ था, यह बात किसी से छिपी नहीं है. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को एनकाउंटर का दुख होना लाजमी है.

### माफिया के खिलाफ बीजेपी और कांग्रेस दोनों का रुख सख्त

उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश में भी माफिया के खिलाफ अब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही एक ही सुर में जवाब दे रही हैं।

### असद-गुलाम की बॉडी प्रयागराज ले जाएगी पुलिस, गुलाम की मां बोलीं- मैं शव नहीं लूंगी

झांसी. झांसी एनकाउंटर में मारे गए अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम की बॉडी को प्रयागराज में दफनाया जाएगा। असद की कसारी मसारी कब्रिस्तान में कब्र तैयार कर दी गई है। शव लेने कोई नहीं आया। सुरक्षा कारणों को देखते हुए पुलिस खुद असद और गुलाम का शव लेकर प्रयागराज आएगी। असद का शव नाना को सुपुर्द किया जाएगा। झांसी में पोस्टमॉर्टम के बाद महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में इनकी बॉडी रखी गई है।

# डेयरी फार्म में विस्फोट से भीषण आग, 18 हजार गायों की मौत

**नई दिल्ली.** अमेरिका के टेक्सास स्थित एक डेयरी फार्म में विस्फोट और आगजनी से करीब 18000 गायों की दर्दनाक मौत हो गई. आग इतनी जबरदस्त थी कि पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया. आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड की टीम को कई घंटे मेहनत करनी पड़ी.



हादसे में एक शख्स भी झुलस गया. फिलहाल, अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है. USA टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट सोमवार को टेक्सास के डिमिट में साउथ फोर्क डेयरी फार्म में हुआ था. शुरू में किसी को अंदाजा नहीं था कि यह इतना विकराल रूप ले लेगी. लेकिन दिन बीतने के साथ जब मवेशियों के शव निकलने शुरू हुए तो लोगों की आंखें फटी रह गईं.

# सर्व आदिवासी समाज ने मनाई बीटीआई मैदान मे अम्बेडकर जयंती

## 5 वीं अनुसूचित क्षेत्र अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों की रक्षा की माँग उठाई

जशपुर। सर्व आदिवासी समाज जिला जशपुर द्वारा आज भीम राव अम्बेडकर जयंती भागलपुर बीटीआई ग्राउंड मे मनाया गया. इस अवसर पर प्रभावित 61 गाँव के हजारों लोग शोभा यात्रा बीटीआई ग्राउंड से अम्बेडकर प्रतिमा तक जाकर वापस लौटकर सभा मे तब्दील हो गईं,

सर्व आदिवासी समाज ने 5 वीं अनुसूचित क्षेत्र अन्तर्गत जशपुर जिला में जनजातियों की सुरक्षा एवं संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा तथा मौलिक अधिकारों के पालन हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया.

सभा को सम्बोधित करते हुए सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सम्पूर्ण जशपुर जिला 5 वीं अनुसूची क्षेत्र अन्तर्गत आता है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 244 (1) अनुसूचित जनजाति क्षेत्र और जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण का प्रावधान तथा अधिकार देता है इसी के परिपालन हेतु पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 बना, उसमें कहा गया कि किसी भी राज्य का विधान मंडल पेसा कानून की घास 4 के क से ण तक के प्रावधानों से असंगत कोई भी कानून नहीं बनायेगा, अर्थात् क से ण में जनजातियों के रूढ़ि विधि सामाजिक, धार्मिक प्रथाओं और समुदायों के संसाधनों की परम्परागत प्रबंध पध्दतियों के अनुरूप व्यवस्थाओं को मान्यता दी गई है, जिसके तहत 25 वर्षो पश्चात छत्तीसगढ़ में अपवादों और उपांतरण के अधीन पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2022 बना जिसकी धारा 5 के अनुसार कहा गया कि पेसा कानून 1996 की धारा 4 %क% के अनुरूप पेसा नियम 2022 के प्रकाशन के 1 वर्ष के भीतर नियम के अनुसार सभी विभाग आवश्यकता अनुसार राज्य अधिनियम / नियमों / आदेशों / निर्देशों / परिपत्रों में संशोधन करेंगे तथा केन्द्र सरकार अधिनियम / नियमों में संशोधन हेतु पहल किये जायेंगे, जिसपर आज पर्यन्त पहल नही किया गया है जिसके कारण पेसा प्रावधानों के बावजूद जनजाति क्षेत्र तथा जनजाति (आदिवासी) सामुदायों के अन्याय, अत्याचार और शोषण का शिकार होना पड़ता है।



सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश सचिव विनोद नागवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में पेसा नियम के संशोधन हेतु 42 आदिवासी सामुदाय के सक्षम प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए समिति गठित कर शीघ्रता से संशोधन ड्राफ्ट तैयार किया जाकर पैसा नियम लागू किया जाए । संशोधित पेसा नियम में ग्राम सभा को संविधान के अनुच्छेद 204 (1) में अनुसूचित

जनजाति क्षेत्र और जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण का सम्पूर्ण अधिकार दिया जाए।

संयुक्त सचिव महेश रावटे ने कहा कि वर्तमान प्रावधान के तहत अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत आरक्षण शीघ्र लागू किया जाए। शासकीय नौकरी में बैकलांग एवं नई भर्तियों में आरक्षण रोस्टर लागू किया जाए।

दुलदुला जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा भगत ने कहा कि पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी भर्ती में स्थानीय लोगों के लिए शत प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में असंवैधानिक रूप से बलात बनाये गये नगर पंचायतों, नगर पालिका निगम को रदद् कर वापस ग्राम सभा बनाया जाये।

सेवती पन्ना ने कहा कि प्रदेश के 5 वीं अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की सहमति के बिना किये गये भूमि अधिग्रहण रदद् किया जाये बिना ग्राम सभा की सहमति के किसी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाये तथा छ.ग. के समस्त अनुसूचित क्षेत्रों में सभी प्रकार के खनन पर रोक लगाई जाये।अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधान के होते हुए भी जमीन कब्जा, आदिवासीयों से अत्याचार शोषण आदि मामलों में संबंधित थाने में स्न.ढ्ढ.क्रदर्ज नहीं किया जाता है तथा जिला न्यायालय भी कार्यवाही करने से इंकार करता है। अतः इस पर तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा की

**भारत माला सड़क परियोजना के स्थान पर NH 43 को अपग्रेड कर 4 लेन बनाए जाने की माँग उठाई**

**कार्य म मे हजारों की संख्या मे प्रभावित गाँव के महिला पुरुष हुए शामिल**

भारतमाला सड़क परियोजना (रायपुर से धनबाद) पत्थलगांव से साई - टांगरटोली (झारखण्ड बार्डर) 104 कि.मी. सड़क निर्माण कई स्थान पर ह॥ 43 को विभक्त करती है इस कारण यह औचित्य हीन है इसलिए ह॥ 43 को ही 4लेन बनाए जाने की माँग की क्लेमेंट लकड़ा ने कहा कि आदिवासी युवतियों से शादी कर प्रॉपर्टी खरीदने के मामलों में संभागायुक्त के निर्देशोंका सख्ती से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये। आदिवासी समाज के पदाधिकारी कमल साय पैंकरा ने कहा कि भारतमाला सड़क परियोजना (रायपुर से धनबाद) पत्थलगांव से साई - टांगरटोली (झारखण्ड बार्डर) 104 कि.मी. सड़क निर्माण के लिए जशपुर जिला में मौजूदा निर्माणाधीन ह॥-43 को ही अपग्रेड कर 4 लेन बनाया जाए, अलग से आदिवासीयों के कृषि भूमि का अर्जन न किया जाए।

मनिहर लकड़ा ने कहा कि घरजिया बथान बांध निर्माण, सरडीह (आस्ता) बांध निर्माण, ह॥-43 के चौड़ीकरण सहित अन्य सभी परियोजनाओं में लंबित मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम मे रंगलाल भगत, राजेम पैंकरा, हेमन्त, कुन्दन पन्ना, वाल्टर कुजूर, अभिनन्द खाखा, सुरेभ महेश्वर राम प्रधान, देवराज प्रेमी, मनोहर मिंज, बिपिन, सेवती पन्ना, मिथलेश महंत आनंन्द्र गगेश्री सहित हजारों की संख्या मे गाँव के लोग उपस्थित थे.

## समाचार सार

### प्रेरणास्पद और महान बाबा साहब भीमराव जी सदैव प्रगति के साथ भाईचारे का संदेश देते हैं-नवनीत चांद



**जगदलपुर** । आज डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती पर निकली जगदलपुर शहर में रैली का जनता कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब की जयंती को लेकर सबको अपनी शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि यह अवसर प्रेरणास्पद है बाबा साहब भीमराव महान व्यक्तित्व थे वे भाईचारे का संदेश संदेश देते हैं श्री नवनीत ने कहा कि देश में कौमी एकता की मिसाल किसी से छिपी नहीं है, हमें प्रगतिशीलता के चिंतन देने वाले बाबा भीमराव जी हमारे महान विरासत के सदैव चमकते हुए सितारे हैं और रहेंगे।इस अवसर पर.अधिवक्ता संकल्प दुबे बाबा जमील,संतोष सिंह,डेनिस राज,धनसिंह बघेल,प्रकाश सेठिया,अनिल सेठिया,शोभा गंडोत्रा,संगीता सरकार,माही सोनी,.उपस्थित थे।

# सरपंचो ने ग्रामसभा का किया विरोध और हड़ताल में बैठे सचिवो का दिया समर्थन



**फरसगांव।** शासकीय करण की मांग को लेकर पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव हड़ताल पर बैठे हैं, सचिवों की सिर्फ एक सूत्रीय मांग की 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के पश्चात उन्हें शासकीय करण करने की अपनी मांग को लेकर विगत 16 मार्च से पंचायत सचिवो द्वारा हड़ताल पर बैठे हैं । सचिवों द्वारा अपनी मांगों को पूर्ण कराने अनेकों प्रकार से प्रदर्शन किया जा रहा हैं, वही पंचायत सचिव के समर्थन में विभिन्न राजनीतिक संगठन एवं कर्मचारी संगठन भी समर्थन दे रहे हैं इसके बावजूद छत्तीसगढ़ सरकार पंचायत सचिवों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं पंचायत सचिव का हड़ताल अब भी जारी है आज 14 अप्रैल को हड़ताल की तीसवे दिन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों को क्षेत्र के फरसगांव ब्लाक सरपंच संघ का समर्थन मिला, सभी सरपंचों के द्वारा फरसगांव हड़ताल स्थल पर पहुंचकर सचिवों को समर्थन दिया गया । इस दौरान सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष सोनूराम नाईक ने कहा कि सरपंच और सचिव एक सिक्के के दो पहलू हैं सरपंच और सचिव के बिना ग्राम में विकास कार्य होना संभव नहीं है, पंचायत सचिवो की मांग जायज है सरकार को इनकी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करना चाहिए । हड़ताल के चलते ग्रामों में ग्राम स्तर के कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ग्राम पंचायत में सरपंच के साथ-साथ सचिव की अहम भूमिका रहती है । आज से ग्रामसभा का आयोजन होना है लेकिन सचिवों के बिना ग्रामसभा संभव नहीं है, सरपंचों ने ग्रामसभा का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव को समर्थन दिया है । इस दौरान हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# अलग-अलग जगहों से मोटरसाइकिल चोरी का घटना को दिए थे अंजाम बेचने से पहले पुलिस कर लिया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

ग्राम उंचडीह निवासी महेन्द्र विश्वकर्मा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल को एक व्यक्ति के बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम उंचडीह गेल्हापारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया था जहां वह अपने हीरो स्पेलेण्डर प्रो मोटर सायकल से गया और मोटर सायकल को खड़ा कर कार्यक्रम देखने चला गया वापस आकर देखा तो मोटर सायकल वहां नहीं था कोई अज्ञात चोर ने मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

वहीं दूसरे मामले में ग्राम सुन्दरपुर निवासी बरन राम चेरवा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने बजाज सीटी 100 मोटर सायकल से बसदेई बाजार गया था जहां मोटर सायकल खड़ा कर सब्जी लेने गया था जब वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है किसी अज्ञात चोर के द्वारा मोटर सायकल चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी करंजी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि मोटर सायकलों को ग्राम महेशपुर निवासी अनिल सारथी एवं उंचडीह के राम कुमार सारथी के द्वारा चोरी किया गया है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अनिल सारथी उर्फ पवन पिता गंगाराम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम महेशपुर, चौकी लटोरी, हाल निवासी उंचडीह एवं रामकुमार पिता हरकेशर उम्र 22 वर्ष निवासी उंचडीह, चौकी बसदेई को पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि ग्राम उंचडीह गेल्हापारा में सांस्कृतिक कार्यक्रम से 1 नग मोटर सायकल तथा बसदेई बाजार से 1 नग मोटर सायकल चोरी किए है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 2 नग मोटर सायकल कीमत 81000 रूपये को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई मानिक दास, माधव सिंह, प्रधान आरक्षक लिनुस लकड़ा, आनंद सिंह, आरक्षक विश्वजीत सिंह, अमित सिंह, सुरेश साहू, बाबुनाथ, देवदत्त दुबे व प्रेम सिंह सक्रिय रहे।

# कोंडागांव मे मरार पटेल समाज की चुनावी बैठक हुई सम्पन्न



**कोंडागांव** -कोसरिया मरार पटेल समाज जिला कोंडागांव के पदाधिकारीयों की बैठक प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुनील पटेल के आतिथ्य मे कोंडागांव शीतला माता मंदिर मे सम्पन्न हुई सर्वप्रथम ग्राम देवी माता शीतला के दर्शन कर माता शाकम्भरी की पूजा अर्चना के साथ बैठक की शुरुआत हुई बैठक मे कोसरिया मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश के होने वाले चुनाव के संबंध मे चर्चा हुई जहाँ पर सुनील पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष पद की दावेदारी की बात बताई साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष के रूप मे तेज राम पटेल के दावेदारी पर सहमति की बात बताई कोंडागांव की बैठक मे मौजूद जनों ने अपने व्यक्तव्य मे सुनील पटेल के द्वारा समाज हित मे किये कार्यों का बखान किया साथ ही इस चुनाव मे समर्थन देने की बात कही बैठक मे कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश महामंत्री एवं राज नाईक घनश्याम कौशिक रोहित पटेल प्रदेश सचिव रितेश पटेल शामपुर राज अध्यक्ष यज्ञ प्रसाद पटेल बड़े डोंगर राज अध्यक्ष कमलकान्त पटेल कोंडागांव राज अध्यक्ष मूलचंद पटेल कोंडागांव कार्यकारी जिलाध्यक्ष कृष्णा पटेल कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती देशबती पटेल महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल डालेंद्र पारासर कृष्णा पटेल सुमंत पारासर कुबेर पटेल व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कमलेश पटेल सहित सामाजिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारत स्काउट एवं गाइड सिंगनपुर ने मनाया भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती



**कोंडागांव** । भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागाँव से संबंध शा उ मा विद्यालय सिंगनपुर में राजेश नेताम अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोण्डागांव के मुख्य आतिथ्य में तथा सिंगनपुर के सरपंच सुश्री संगीता नेताम के विशिष्ठ आतिथ्य में तथा उपसरपंच नंदकिशोर नेताम, शाला विकास समिति के सदस्य अशोक नेताम, युवा संगठन सिंगनपुर के सदस्य मंगलेश पांडे, के आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य श्यामलाल कोर्राम की अध्यक्षता में तथा जैन सर , आग्रे सर , अरुण नेताम,एवं रोवर- रेंजर की उपस्थिति में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर 132वीं जयंती मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश नेताम, विशिष्ट अतिथि सुश्री संगीता नेताम सरपंच तथा संस्था के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्यामलाल कोर्राम ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता, प्रकांड विद्वान, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है ।डॉक्टर भीमरावअंबेडकर की जयंती पर उनके जनकल्याण के लिए किए गए कार्य एवं अभूतपूर्व योगदान को याद किया जाता है। समाज सुधारक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर कमजोर वर्ग के अधिकार के लिए लंबा संघर्ष किया। तथा महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसलिए हमें भी बाबा साहब के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज एवं देश हित के कार्य को सर्वोपरि मानकर करना चाहिए।

# विधायक प्रकाश नायक एवं महापौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के हाथों हुआ स्टार वाटर ड्रेन सामुदायिक भवन,सीसी सड़क हेतु भूमि पूजन, वार्ड पार्षदों की उपस्थिति रही

## बहुप्रतीक्षित जवाहर नगर नाला में बनेगा स्टार वाटर ड्रेन और सीसी सड़क पहुंच मार्ग-महापौर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ शहर विकास अंतर्गत आज कई वार्डो में विधायक प्रकाश नायक के करकमलों से एवं नगर निगम महापौर जानकी काट्जू ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला,वार्ड पार्षद सुमित्रा खुलू सारथी,ईशाकृपा तिर्की एवं गणमान्य जन और निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में स्टार वाटर ड्रेन एसीसी सड़क तथा सामुदायिक भवन हेतु भूमिपूजन किया गया। विदित हो कि 15 वे वित्त अंतर्गत शहर विकास हेतु रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के प्रयास से लाखों स्वीकृत हुए। जिसमे बहुप्रतीक्षित क्षेत्र वार्ड क्रमांक 4 और 5 को जोड़ने वाली नाला जो केलो प्रवाह बिल्डिंग के पीछे जवाहर नगर में स्तिथ है इस वाटर ड्रेन तथा सड़क के बनने से वार्डवासियों और उन विद्यार्थियों को जो लंबी दूरी तय करते थे को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। इसे



**वार्ड 3, 4 एवं 5 में हो गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य-प्रकाश नायक**

गणेश राम यादव घर से कृष्ण काम्प्लेक्स के मुख्य मार्ग तक सी सी सड़क और नाला में स्टार वाटर ड्रेन 49 लाख 30 हजार के लागत से स्वीकृत किया गया है वही रामभाटा अभिषेक बेहरा घर से पद्मिनी उपाध्याय घर तक स्टार वाटर ड्रेन पुलिया लागत 18 लाख 32 हजार एवं राम भाटा में ही सामुदायिक भवन 12 लाख 70 हजार लागत की विधिवत भूमि पूजन रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक एके करकमलों से तथा महापौर व वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद जानकी काट्जू,वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद सुमित्रा खुलू सारथी तथा वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद ईशकृपा तिर्की एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला, राजू,टोप्पो,एमआईसी सदस्य लोक निर्माण प्रभारी विकास ठेठवार,जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव,अमृत काट्जू,खुलू सारथी, वार्डवासियों में अजित केरकेट्टा,अजय धनगुल,सावन जयपुरिया,विजय लकड़ा,घासी एक्का,गणेशराम,माधोमती,धुपति साहू,गुलामणि भगत,नीलम भगत,लोटेश चौहान,सिल्विया तिग्गा,ठेकेदार विकास केड़िया एवं नगर निगम से ईई नित्यानंद उपाध्याय,सब इंजीनियर हिराधर राठिया उपस्थित रहे। विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि शहर विकास हेतु आज वार्ड क्रमांक 3,4 और 5 में सामुदायिक भवन,स्टार वाटर ड्रेन सीसी सड़क हेतु भूमि पूजन किया गया ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि गुणवत्तापूर्ण और समयावधि में कार्य पूर्ण कर लेवे ताकि क्षेत्रवासियों को लाभ मिल सके।

### महापौर जानकी काट्जू ने बताया कि जवाहर नगर नाला

*में स्टार वाटर ड्रेन और पहुंच मार्ग की पिछले कई वर्षों से क्षेत्रवासियों की मांग थी उसके बनने पर 2 वार्ड आपस में जुड़ जाएंगे रहवादियो एवं विद्यार्थियों को दूरी कम होगी। इसलिये प्राथमिकता से उनके मांगो को संज्ञान में लेकर विधायक जी के सहयोग से राशि स्वीकृत की गई वही रामभाटा पुल के और सामुदायिक भवन हेतु आज भूमि पूजन किया गया जल्द से जल्द निर्माण कार्य आरम्भ किये जायेंगे।*

# अम्बेडकर जयंती और रियूनियन समारोह का हुआ आयोजन, सैकड़ों छात्रावासी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़– बलौदाबाजार।

जिला बलौदाबाजार के कलेक्टर कार्यालय के बाजू में स्थित शास पोस्ट मेट्रिक अनु जाति बालक छात्रावास पंचशील नगर बलौदाबाजार में भारतरत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती के अवसर पर भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्रावासी छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया । इस ऐतिहासिक दिन को और खास बनाते हुए छात्रावास में रहकर पढ़ाई किये सन 1993 से लेकर 2023 तक के सैकड़ो की संख्या में छात्रवासी छात्र शामिल हुए । बता दे की अपने 30 वर्षों के इतिहास में छात्रावास ने दर्जनों शिक्षक,डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, शिक्षक, वकील,पत्रकार,पुलिस,कमिश्नर, लीडर,जनप्रतिनिधि सहित सभी क्षेत्रों के सैकड़ों अधिकारी,कर्मचारी दिए हैं। उन सभी लोगों का 30 वर्षो मे पहली बार इस प्रकार की मिलन समारोह का आयोजन काफी उत्साह पूर्ण एवं देखने लायक था। पुराने साथियों से मिलकर सभी का चेहरा खिला हुआ एवं पुरानी यादों के झरोखो मे डूबा हुआ था। कार्यक्रम की शुरुवात बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती अवसर पर छात्रावास से अम्बेडकर चौक तक बाइक रैली निकालकर बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। तत्पश्चात पुनः हॉस्टल पहुंचकर संतो गुरुओ को नमन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। छात्रावास के पूर्व अधीक्षक स्व. एच एस गेंडरे के साथ ही साथ हॉस्टल मे रहे सभी दिवंगत छात्रवासी छात्रों को दो मिनट का मौन व्रत कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। विभिन्न निकायों में ऊंचे पद पर आसीन हुए सभी अधिकारी कर्मचारीयों का स्वागत सम्मान किया गया। सभी



उपस्थित पूर्ववर्ती व वर्तमान छात्रों ने एक दूसरे का परिचय जाना एवं अपने हॉस्टल लाइफ की यादों को साझा किया गया। सभी लोग अपने पुराने साथियों को देख हर्ष और प्रसन्नता से एक दूसरे से मिले । उपस्थित सभी वरिष्ठ सीनियर छात्रों ने अपनी वक्तव्य मे बाबा साहब अम्बेडकर के योगदानों पर कृतज्ञता व्यक्त किये तथा हॉस्टल लाइफ के भूले बिसरे यादों को याद करते हुए कहा कि हॉस्टल लाइफअजीब होती है। जिस दिन कोई छात्र छात्रावास में आता है। उसे लगता है कि उसे बंदी बना लिया गया है। उसे अनुशासन, वैराग्य और अलगाव का जीवन जीना पड़ता है। लेकिन, जल्द ही उसे नए जीवन के आकर्षण का एहसास होता है।

वह नई दोस्ती का मानदंड रखता है। छात्रों की संगति में वह बहुत खुश महसूस करता है। उसे लगता है कि उसने एक नई और आकर्षक दुनिया में कदम रखा है। वह मिलनसार, उदार और दूसरों की मदद करना सीखता है। छात्रावास का जीवन उसे समाज का एक जिम्मेदार सदस्य बनना सिखाता है। छात्रावास जीवन अनुशासन सिखाता है। छात्र अपने व्यवहार और पढ़ाई में समय के पाबंद होना सीखते हैं। हॉस्टल लाइफ फैमिली लाइफ से बड़ी होती है। यह उन्हें कई उपयोगी सबक सिखाता है जो न तो वे किताबों से सीखते हैं और न ही अपने घरों से। छात्रावास जीवन अपने आप में एक महान शिक्षक होता है। एक छात्रावास में प्रत्येक छात्र एक साथ एक शिक्षक और छात्र होता है। छात्रावास जीवन सहयोग सिखाता है।

*इस प्रकार, छात्रावास का जीवन स्वतंत्रता, अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास सिखाता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर कमल नारायण गायकवाड,अमर दास गायकवाड,लाल घृतलहरे,अजय भारती,राजेश कुर्रे,रामु लहरे,परमानंद बघेल,जय नारायण बंजारे,ओमप्रकाश बंजारे,मोहन सोनकर,ओम नारायण मनहर,दिलीप बंजारे, अंगद खुटे,हेतराम आंचले,मन्नू लाल डहरिया, प्रीतम बघेल,हीरा शंकर मनहर,अमित कुर्रे, ऋषि रत्नाकर,पुष्पकांत मेजर,नंद कुमार मल्होत्रा,रामु लहरे,नर्मदा घृतलहरे, नरेंद्र बंजारे,दिलीप बरतामशी,भगवती कुर्रे, मनोज नारंगे,राहुल घृतलहरे,जयंत टंडन,रमेश टंडन सहित सैकड़ों भूतपूर्व व वर्तमान छात्रवासी छात्र उपस्थित हुए।*

## समाचार सार

### प्रदेश सतनामी समाज ने कार्यालय हेतु प्रस्तावित भूमि नेम प्लेट स्थापित किया

जोहार छत्तीसगढ़–बालौदाबजार।



भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न स्वप्नदृष्टा डाक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की 132 वीं जयंती की पावन बेला पर प्रदेश सतनामी समाज गिरौदपुरी धाम छत्तीसगढ़ के सम्माननीय पदाधिकारियों एवं सदस्यो की गरिमामयी उपस्थिति में बाबा साहब की मूर्ती में पुष्पहार अर्पित कर बड़ी धूमधाम से मनाया गया साथ ही कलेक्टर बलौदाबाजार द्वारा प्रस्तावित स्वीकृत भूमि सन 2022 में संगठन के प्रदेश कार्यालय हेतु सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा नेम प्लेट की बोर्ड स्थापित किया गया जिस पर भविष्य में किसी व्यक्ति समाज या संस्था द्वारा जमीन को विवादित न बना सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष पीडी जहरीले प्रदेश सचिव उत्तम टण्डन,प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुर्रे,प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्योति प्रकाश कुर्रे, सुखसागर घृतलहरे,प्रदेश महासचिव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उदेप्रकाश भारती, रामाधार जाटवर प्रदेश अध्यक्ष कृषि एवं पर्यावरण विभाग, जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार हेमंत कुर्रे,घनश्याम कठोत्रे,भगवती कुर्रे लक्ष्मी प्रसाद जाटवर कमल नारायण गायकवाड़, अमरदास गायकवाड़, नंदकुमार मल्होत्रा एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

क्लर्क ने फांसी लगाकर दी जान

### बीइओ कार्यालय में था पदस्थ, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाम्पा जिले के बलौदा में पंचराम यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. घटना बीती रात की बताई जा रही है. युवक ने जब घटना को अंजाम दिया उस वक्त घर पर उसकी बेटी मौजूद थी. वहीं पत्नी मायके गई हुई थी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार, पंच राम यादव बीइओ कार्यालय बलौदा में लिपिक के पद में पदस्थ था. जिसने बीती रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. वहीं मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है. बलौदा पुलिस मौके में पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मामले की जांच जारी है।

भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने फाड़ा सरकारी आदेश

### तहसीलदार से भी भिड़े, नाम पूछने पर बोले गूगल कर लीजिए

**रायपुर।** राजधानी में जारी रसोइया संघ की हड़ताल में अब भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास भी कूद पड़े। रसोइया संघ की महिलाएं तूता में धरना प्रदर्शन कर रही थी। इसी दौरान पुलिस और अधिकारी वहां पहुंचकर उनसे हड़ताल खत्म करने को लेकर कहने लगे। महिलाओं ने इसका वीडियो जारी कर मदद मांगी तो भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास वहां पहुंच गए।



उन्होंने वहां पहुंचकर जब कार्रवाई का विरोध किया तो वे भी धरने पर बैठ गए। अधिकारियों ने उनसे उनका नाम पूछा तो उन्होंने कहा गूगल कर के देख लीजिए। भाजपा नेता ने अधिकारियों की लाई सरकारी आदेश की कॉपी भी फाड़ दी। उन्होंने कहा, आप लोग पुलिस लेकर आए हैं, हम लोगों की हत्या कर दीजिए, जेल ले जाइए। बाबा अंबेडकर ने धरना-प्रदर्शन करने का हमें मौलिक अधिकार दिया है। उन्होंने कहा, धरने पर बैठी रसोइया संघ की प्रांत अध्यक्ष नीलू ओगरे को प्रशासन जबरन परेशान कर रहा है। उनके साथ पुलिस ने गिरफ्तारी के नाम पर अभद्र व्यवहार भी हाल ही में किया था।

### कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं निर्माण एजेन्सियों की बैठक

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं निर्माण एजेन्सियों की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, लघु मरम्मत कार्य, दीर्घ मरम्मत कार्य, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत नवीन सत्र में स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों का मरम्मत कराने का सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूलों में अधोसंरचना और जरूरी मरम्मत, नए सत्र से प्रारंभ हो रहे 7 नवीन स्वामी आत्मानंद विद्यालय के स्वीकृत मरम्मत कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव से पहले जिले के ऐसे स्कूल और छात्रावासों जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां प्राथमिकता के साथ मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्कूलों के अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए मरम्मत कार्य, बिजली, स्कूलों में शौचालय, पेयजल, विद्युत, किचन शेड, बाउण्ड्रीवॉल, खिड़की दरवाजा मरम्मत, सौदर्यीकरण का कार्य समय सीमा पर और गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

# लक्ष्य बनाकर समय-सीमा में करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण- कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़– सूरजपुर।

कलेक्टर इफ्फत आरा ने कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय–सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।



उन्होंने राजस्व अधिकारियों से लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति ई-कोर्ट क्रियान्वयन, तथा भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों व मुआवजा भुगतान की जानकारी ली। कलेक्टर ने अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अविवादित नामांतरण व खाता विभाजन के प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने तथा विवादित नामांतरण खाता विभाजन के दर्ज प्रकरणों की न्यायालयावर समीक्षा करते हुए समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को लक्ष्य लेकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन में एक माह से उपर के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को लंबित प्रकरणों जल्द से जल्द निराकरण करने के दिये निर्देश।

उन्होंने राजस्व प्रकरणों के दर्ज निराकरण एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति, ई-कोर्ट क्रियान्वयन, मासिक प्रगति रिपोर्ट, धारा 170 (ख) के प्रकरणों के निराकरण की प्रगति, व्यक्तिगत वन अधिकार प्रकरणों की अद्यतन जानकारी, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी को भूमि पट्टा देने की प्रगति, अनुविभाग स्तर पर सरलीकरण नियमानुसार वृक्ष कटाई, लोक सेवा केन्द्र की रिपोर्ट, चिटफंड कम्पनी के विरुद्ध की गई कार्यवाही, आर.आर.सी. वसूली की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

सत्यापनकर्ता पात्रता एवं अपात्रता की शर्तों का पालन करें

उन्होंने जिला में बेरोजगारी भत्ता योजना का क्रियान्वयन भी सुचारू रूप से करने निर्देश दिया। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक द्वारा दिये जा रहा जाति प्रमाण पत्रों का सतत्यान बड़ी सावधानी से करने के निर्देश दिये। बेरोजगारी भत्ते के लिए पात्रता की जो शर्ते कंडिका 4.1 से कंडिका 4.5 में दिये गये निर्देशों का पालन अवश्य करें। साथ ही अपात्रता के लिए जो शर्ते कंडिका 5.1 से कंडिका 5.7 उसका भी विशेष सावधानी से पालन करें। जिससे सही पात्र हितग्राही को लाभ मिल सके। बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों को सत्यापन करने के निर्देश दिए। बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक के पात्र होने पर बैंक से नाम और खाता संख्या सत्यापित होने के बाद उन्हें आदेश पत्र जारी करने और पोर्टल में दर्ज कराने को कहा। उन्होंने कहा कि दोनों कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाएं। उन्होंने जिले के अधिकारियों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये।

#### सर्वेक्षण कार्य की गति को शीघ्रता से कार्य करें

समाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए समय सीमा में लक्ष्य बनाकर पूरी गंभीरता से त्रुटिरहित कार्य किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य में लगे प्रगणक टीमों द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे सर्वेक्षण की प्रगति की जानकारी लेते हुए, सर्वेक्षण की गति को बढ़ाकर शीघ्रता से कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय, सीमा में पूरा करेंगे।

*कलेक्टर ने आगमी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करते हुए कार्य किये जाने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई, रोशनी की व्यवस्था (विद्युत), दिव्यांगों के रैंप, पेयजल, शौचालय सहित आधारभूत आवश्यकताओं समय से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, सुश्री प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नन्द जी पाण्डेय, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व के अधिकारी उपस्थित रहे।*

## ग्राम पंचायत सचिव ने अपने मांगो को लेकर भूपेश बघेल सरकार को होश में आकर हमारे मांगे जल्दी से जल्दी पूरी करने की बात कही

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।

ग्राम पंचायत सचिव की बहुप्रतीक्षित मांग शासकीयकरण पूर्ण नहीं होने पर ग्राम पंचायत के कार्यरत सचिव 16 मार्च 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। इस क्रम में नवागढ़ ब्लाक के पंचायत सचिव ने अपने मांगों को लेकर सचिव संघ के द्वारा मोर्चा खोल दिया है और भूपेश बघेल सरकार को होश में आने की बात कही जिसमें लगातार सचिव संघ ने अपने मांगो को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे है। और हमारे मांगे को जल्दी से जल्दी पूरा करने की बात कहीं। जिसमें राज नारायण कुर्रे सचिव संघ अध्यक्ष, बसंत यादव सहसचिव, शशि नवरंग, गोकरण ठाकुर, रामस्वरूप विश्वकर्मा,अर्जुन डिंडोरे, ईश्वर पटेल, तिरावा पाल, राम खण्डे, मथुरा प्रसाद, रामेश्वर साहू, नाथूराम साहू, पूजनैदर् मात्रे, हीरा लाल साहू, कुंज राम साहू, महेंद्र वर्मा, नंद कुमार भारद्वाज, गण उपस्थित रहे।






## केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़ बिलाईगढ़।



भारत सरकार के अधीन संचालित केंद्रीय विद्यालय छत्तीसगढ़ के कई जिलों और शहरों में संचालित है। सत्र 2023-2024 में केंद्रीय विद्यालय के कक्षा पहली में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2023 को शाम 7 बजे तक जमा कर सकते है। कक्षा पहली के लिए बच्चे की आयु 31 मार्च 2023 की स्थिति में 6 से 8 वर्ष तक की आयु होनी चाहिए। केंद्रीय विद्यालय में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट में किया जा सकता है। लॉटरी सिस्टम से प्रथम चयन सूची 20 अप्रैल 2023 जारी की जाएगी। 21अप्रैल से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। सीट रिक्त होने पर द्वितीय सूची 28 अप्रैल 2023 को जारी की जाएगी। इसके बाद भी सीट रिक्त होने पर तृतीय सूची 4 मई 2023 को जारी की जाएगी।

संयुक्त टीम द्वारा कोसीर में बाल विवाह को रोका गया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ़, चाइल्ड लाइन रायगढ़, जिला बाल सरंक्षण इकाई रायगढ़ और पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम कोसीर में बाल विवाह को रोका गया। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कोसीर के अधिकारियों द्वारा वर वधु के पालकों को कानून के अनुसार वर की 21 वर्ष और वधु की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर विवाह करने के लिए समझाया गया। यदि बच्चे अगर किसी मुसीबत में हों तो वे घबराएं नहीं, चाइल्ड लाइन सेवा के निशुल्क नंबर 1098 पर कॉल करें और अपनी समस्या बताएं। जन्म से 18 साल तक के किसी बच्चे का शोषण, मारपीट, घर से भगाना, ढाबा और दुकानों पर बालश्रम, भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, मानव तस्करी आदि बाल अपराध है। सभी नागरिक चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर फोन करके बाल अपराध को रोक सकते हैं।

जोहार छत्तीसगढ़



## वैम्पायर के प्यार में पड़े डॉक्टर रॉय, खतरनाक है शांतनु और तान्या की टूथ परी का ट्रेलर




ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बहुत से व्यूअर्स वैम्पायर हॉरर वेबसीरीज का बहुत दिल से वेट करते हुए नजर आते हैं. इस तरह के तमाम दर्शकों के लिए तान्या मानिकतला और शांतनु महेश्वरी अभिनीत वैम्पायर हॉरर सीरीज टूथ परी का ट्रेलर आउट कर दिया गया है।

सीरीज के ट्रेलर को व्यूअर्स काफी पसंद कर रहे हैं. इस सीरीज में दर्शकों को एक कॉमन मैन की वैम्पायर के साथ लवस्टोरी को दिखाया जाएगा. आने वाली वेबसीरीज के ट्रेलर को तान्या मानिकतला ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. सीरीज के ट्रेलर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा कि ट्विस्टेड लव, सीक्रेट वर्ल्ड, वैम्पायर और इंसानों का प्यार।

## किसी का भाई... के ट्रेलर लॉन्च पर शहनाज गिल का दिखा बोल्ड अवतार, वायरल हुई तस्वीरें



बिग बॉस सीजन 13 की एक्स कंटेस्टेंट और एंटरटेनमेंट क्वीन शहनाज गिल ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में शहनाज गिल का काफी बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। बता दें कि सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है।

इस दौरान फिल्म की पूरी टीम एकसाथ नजर आई थी। जहां शहनाज गिल के ग्लैमरस लुक ने लाइमलाइट लूट ली थी। पंजाब की केटरीना शहनाज गिल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर चर्चाओं में हैं। बता दें कि 10 अप्रैल को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया है। जहां उनकी पूरी टीम एकसाथ नजर आई थी। जहां शहनाज गिल ने अपने बोल्ड अवतार से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया था। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसें वो बेहद ही बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं। शहनाज गिल ने अपने लेटेस्ट लुक में ब्लैक कलर का बेहद ही सिजलिंग डीपनेक टॉप के साथ ही ब्लैक शॉर्ट पहना हुआ है। अपने इस आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने बाहर से ब्लैक कलर की कोट कैरी की है। ओपन हेयर और लाइट ग्लोसी मेकअप कर के एक्ट्रेस शहनाज गिल ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा अच्छे से निखारा है।

## अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने खतरों के खिलाड़ी 13 से किया किनारा



स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' जल्द ही दस्तक देने वाला है. शो को लेकर आए दिन अपडेट्स आ रहे हैं. कुछ सितारों के नाम कंटेस्टेंट्स लिस्ट में कंफर्म बताए जा रहे हैं तो कुछ के ऑफर ठुकराने की बात सामने आ रही है. अब खबर है कि एक और टीवी एक्ट्रेस ने 'खतरों के खिलाड़ी 13' को मना कर दिया है.

'झांसी की रानी' फेम उल्का गुप्ता को 'खतरों के खिलाड़ी 13' से ऑफर मिला था और यहां तक कि वह खुद भी इस शो का हिस्सा बनना चाहती थीं, लेकिन उन्हें मजबूरी में शो को मना करना पड़ा. एक्ट्रेस ने ईटाइम्स को दिए लेटेस्ट इंटरव्यू में इसकी पुष्टि की है. उल्का ने कहा, हां, मुझे 'खतरों के खिलाड़ी' का ऑफर मिला था, लेकिन डेट की इश्यू की वजह से मैं ये नहीं कर सकती, लेकिन फ्यूचर में मैं इस शो का हिस्सा बनना चाहूंगी. उल्का गुप्ता ने आगे कहा, मुझे एक्शन पसंद है. मैं देखना चाहती हूं कि मैं सारे टास्क कर पाऊंगी या नहीं. मेरी जिंदगी में फिटनेस बहुत जरूरी है. मैं हर दिन वर्क आउट करती हूं. मैं अपने खुद के टार्गेट्स बनाती हूं. बता दें कि उल्का से पहले प्रियंका चाहर चौधरी के शो ठुकराने की खबर सामने आई थी. खैर, आखिरी बार उल्का को 'बन्नी चाउ होम डिलीवरी' में देखा गया था. रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाला 'खतरों के खिलाड़ी 13' की शूटिंग जल्द ही अर्जेंटीना में शुरू होगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो को 17 जुलाई 2023 से टेलीकास्ट किया जाएगा. कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में अर्चना गौतम, सौंदर्या शर्मा, मुनव्वर फारूकी, अंजलि अरोड़ा, शिव ठाकरे जैसे स्टार्स का नाम सामने आ रहा है. फिलहाल, अभी डेट और कंटेस्टेंट्स की लिस्ट कंफर्म नहीं है।

## नवंबर में शुरू होगी ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 की शूटिंग?



वॉर 2 बॉलीवुड की भी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने को तैयार है।

वह पहली बार ऋतिक रोशन के साथ पर्दे पर स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। इस बार फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। अब फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक और एनटीआर की वॉर 2 की शूटिंग नवंबर, 2023 में शुरू होगी। एक सूत्र ने कहा, सबसे बड़े एक्शन अनुभव के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि ऋतिक वॉर 2 में एनटीआर का मुकाबला करते नजर आएंगे। फिल्म को एक ऐसे पैमाने पर तैयार किया जा रहा है जिसे भारत में पहले कभी नहीं किया गया है। नवंबर में अपना शूटिंग शेड्यूल शुरू करने वाले इस एक्शन शो के लिए प्री-प्रोडक्शन जोरों पर है। रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया, एनटीआर जूनियर वॉर 2 के लिए आदित्य चोपड़ा की पहली और एकमात्र पसंद हैं। वास्तव में यह किरदार जूनियर एनटीआर को ध्यान में रखकर लिखा गया है। वॉर 2 को दो सुपरस्टार्स – ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर – के बीच की लड़ाई के रूप में डिजाइन किया गया है।

## शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी का पहला लुक जारी

### एक्शन अवतार में नजर आए अभिनेता




बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर ने हाल ही में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा था। उनकी सीरीज फर्जी अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस वेब सीरीज को लोगों ने दिल खोलकर प्यार दिया है। इतना ही नहीं फैंस तो अब इस सीरीज के दूसरे पार्ट का डिमांड कर रहे हैं। इस बीच शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ब्लडी डैडी का पोस्टर आउट हो गया है जो कि इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। इस नए पोस्टर में शाहिद कपूर का लुक देखने लायक है। बताया जा रहा है कि फिल्म का टीजर भी जल्द रिलीज होने वाला है। शाहिद कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म ब्लडी डैडी का पोस्टर इंटरनेट पर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इसमें शाहिद बेहद इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। शाहिद का ये अंदाज सभी को खूब पसंद आ रहा है। इस मूवी का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में शाहिद कपूर के साथ अंकुर भाटिया भी हैं। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर इस पोस्टर को शेयर करते हुए बताया है कि इसका टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। फैंस को इस मूवी का बेसब्री से इंतजार है।



### रोमांचक मुकाबले में 6 विकेट से जीता गुजरात

## पंजाब को एक गेंद बाकी रहते हराया, शुभमन गिल ने लगाई मैच विनिंग फिफ्टी

मोहाली। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में गुरुवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। ओपनर शुभमन गिल ने फिफ्टी लगाई, लेकिन आखिरी ओवर में वह आउट हो गए।



टीम को 2 गेंदों में 4 रन की जरूरत थी, यहां राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर गुजरात को जीत दिला दी। पहली पारी में मोहित शर्मा ने 2 विकेट लिए।

मोहाली के IS बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### राशिद-मोहित ने चटकाए विकेट

पहली पारी में पंजाब से मैथ्यू शॉर्ट बड़ी पारी खेलते नजर आ रहे थे, लेकिन 7वें ओवर में राशिद खान ने उन्हें बोल्ड कर दिया। राशिद के बाद मोहित शर्मा ने अहम मौकों पर जितेश शर्मा और सैम करन के विकेट लिए। इन विकेट से पंजाब बड़ा स्कोर नहीं बना सकी।

राशिद खान ने मैथ्यू शॉर्ट को गुगली से बोल्ड किया।

राशिद खान ने मैथ्यू शॉर्ट को गुगली से बोल्ड किया।

### शुभमन गिल की पारी

154 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात को शुभमन गिल ने रिद्धिमान साहा के साथ तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 48 रन की पार्टनरशिप की। गिल ने फिर IPL करियर की 16वीं फिफ्टी लगाकर अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

### आखिरी ओवर

गुजरात को आखिरी 6 गेदों में 7 रन की जरूरत थी। पहली बॉल पर सिंगल आया, शुभमन गिल दूसरी गेंद पर बोल्ड हो गए। तीसरी और चौथी गेंद पर एक-एक रन आया। 2 गेंदों में 4 रन की जरूरत थी, यहां राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।



**IPL में सबसे तेज 100 विकेट**

| प्लेयर | टीम | गेंदें |
|---|---|---|
| कगिसो रबाडा | पंजाब किंग्स | 1438 |
| ड्वेन ब्रावो | चेन्नई सुपर किंग्स | 1619 |
| लसिथ मलिंगा | मुंबई इंडियंस | 1622 |
| हर्षल पटेल | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1647 |

## जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगी कोलकाता नाइट राइडर्स, जानें पॉसिबल प्लेइंग-11

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग में आज कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद (स्क्र॥) के बीच लीग स्टेज का मुकाबला खेला जाएगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने लीग में अब तक 3-3 मैच खेले हैं। कोलकाता को दो में जीत, एक में हार और हैदराबाद को एक में जीत और दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।




### कोलकाता के हौसले बुलंद

इस सीजन के अपने पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद च्यक्र ने शानदार वापसी की। दूसरे मैच में टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ जीत हासिल की। वहीं इसके बाद रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों पर 5 छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इस तरह से च्यक्रकी निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं।

शार्दूल ठाकुर, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल और रहमानुल्लाह गुरबाज टीम के टॉप प्लेयर्स हैं। हैदराबाद के खिलाफ टीम के 4 विदेशी रसेल, लॉकी फर्ग्युसन, गुरबाज और नरेन हो सकते हैं।

### उत्साह से ओतप्रोत हैदराबाद की टीम

हैदराबाद पहले दो मैचों में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। टीम को पहले मुकाबले में राजस्थान ने और दूसरे मैच में लखनऊ ने हराया था।

### 1000 IPL मैच, लेकिन 5 इंटरनेशनल रिकॉर्ड नहीं बने

## एक ओवर में 6 सिक्स, फास्टेस्ट फिफ्टी 16 साल से युवी के नाम



**मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग IPL के 16वें सीजन में 1,000 मैच पूरे हो गए। टेस्ट प्लेइंग देशों के बीच खेले गए 1,051 इंटरनेशनल टी-20 मैचों से यह आंकड़ा कुछ ही कम है। IPL में अभी तक 1,000 से ज्यादा खिलाड़ी खेल चुके हैं। इस दौरान इंटरनेशनल में 965 खिलाड़ी खेले।

IPL में हर साल दुनियाभर के टॉप प्लेयर्स कई रिकॉर्ड बनाते और तोड़ते हैं। फिर भी इंटरनेशनल क्रिकेट के कुछ ऐसे रिकॉर्ड हैं, जो अभी तक IPL में बन या टूट नहीं पाए हैं।

IPL में कोई भी बल्लेबाज एक ओवर में लगातार छह छक्के लगाने में सफल नहीं हो पाया है। इंटरनेशनल में 4 बार ऐसा हो चुका है। द. अफ्रीका के हर्शल गिब्स वनडे में, भारत के युवराज सिंह और वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड टी20 में ऐसा कर चुके हैं। अमेरिका के जसकरन मल्होत्रा भी वनडे में ओवर में छह छक्के जमा चुके हैं।

### एक नजर

## जीत की राह पर लौटना चाहेंगे पंजाब, गुजरात



**मोहाली।** पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने चौथे मैच में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। शिखर धवन की अगुवाई वाली पंजाब रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2023 की अपनी पहली हार झेलने के बाद वापसी करना चाहेगी। दूसरी ओर, आखिरी ओवर में रिंकु सिंह के अविश्वसनीय प्रहार को भुलाकर गुजरात भी जीत की राह पर लौटना चाहेगी। पिछले मैच में टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की बल्लेबाजी धराशाई हो गयी, हालांकि कप्तान धवन ने एक बार फिर बेहतरीन नेतृत्व का प्रदर्शन किया और 66 गेंद में नाबाद 99 रन बनाकर पंजाब को निर्धारित 20 ओवर में 143/9 का सम्मानजनक स्कोर बनाने में मदद की। हैदराबाद ने हालांकि राहुल त्रिपाठी की नाबाद 48 गेंद में 74 रन और एडन मार्करम की 21 गेंद में नाबाद 37 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट से जीत दर्ज की। मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस की निगरानी में पंजाब ने अपने शुरुआती दो मैचों में कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स को हराकर आईपीएल 2023 अभियान की शुरुआत की थी। इस टीम के लिये कप्तान धवन अभी तक शानदार फॉर्म में रहे हैं, हालांकि गुजरात के खिलाफ पंजाब को अन्य बल्लेबाजों से भी बड़ी पारियों की उम्मीद होगी।

## राजस्थान ने भेदा चेपौक का किला, चेन्नई को तीन रन से हराया



**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स ने जॉस बटलर (36 गेंद, 52 रन) के शानदार अर्द्धशतक के बाद रविचंद्रन अश्विन (25/2) और युज़वेंद्र चहल (27/2) की किफायती गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपौक स्टेडियम पर खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में तीन रन से मात दी। राजस्थान ने चेन्नई के सामने 176 रन का लक्ष्य रखा। महेंद्र सिंह धोनी (32 नाबाद) और रवींद्र जडेजा (25 नाबाद) के प्रयासों के बावजूद चेन्नई 20 ओवर में 172 रन तक ही पहुंच सकी।

सलामी बल्लेबाज बटलर और देवदत्त पडिक्कल ने राजस्थान को मजबूत शुरुआत दिलाई मगर जडेजा (21/2) की कंजूस गेंदबाजी ने विपक्षी टीम को 175 रन पर ही रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई 17 ओवर में मात्र 122 रन बनाकर संकट में थी, लेकिन धोनी ने समय का पहिया पीछे घुमाते हुए एक विस्फोटक खेलकर मैच को रोमांचक बना दिया। चेन्नई को जब पांच गेंद पर 21 रन की जरूरत थी तब धोनी ने दो दनदनाते छक्के जड़े, लेकिन संदीप शर्मा ने अगली तीन गेंदों पर सिर्फ तीन रन देकर राजस्थान को इस गलाकाट प्रतियोगिता में विजय दिलाई।

# सरस्वती शिशु मंदिर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह सम्पन्न

## विधायक, कलेक्टर सहित गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार समिति एमसीबी द्वारा भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर के 132 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व एसटीए एससी और ओबीसी समाज संगठन के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और अधिकारी शामिल हुए।



कार्यक्रम के दौरान मनेंद्रगढ़ में पीपल पेड़ के नीचे विधिवत प्रकृति की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात रैली के माध्यम से नगर भ्रमण करते हुए सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और अधिकारी सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे। शिशु मंदिर में डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुये उनके द्वारा किये गए संविधान निर्माण और सामाजिक समरसता के कार्यों को याद किया। इसके साथ ही अम्बेडकर जयंती के अवसर पर शहर में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रकृति पूजा, नगर भ्रमण रैली एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ.विनय जायसवाल, भरतपुर,सोनहत विधायक गुलाब कमरो, कलेक्टर पीएस ध्रुव, एसडीएम मनेन्द्रगढ़,अभिषेक कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल, जनपद अध्यक्ष, विनय शंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता काफ ी संख्या में उपस्थित थे।



### मनेन्द्रगढ़ निवासियों को आज मिलेगी रेलवे की बड़ी सौगात

*चिरमिरी अनूपपुर चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन के ठहराव का होगा लोकार्पण एमसीबी 14 अप्रैल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के द्वारा चिरमिरी.अनूपपुर.चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का मनेन्द्रगढ़ स्टेशन में पुन: ठहराव का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य भारत सरकार रेणुका सिंह एवं सांसद कोरबा ज्योत्सना चरण दास महंत के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ. विनय जायसवाल भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन से 15 अप्रैल सायंकाल 6.40 बजे ट्रैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।*

## एक नजर

### प्रभारी मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया



**दंतेवाड़ा** । दंतेवाड़ा प्रभारी मंत्री एवं वाणिज्य कर आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा को जिला मुख्यालय स्थल पहुंचने पर सर्किट हाउस स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री सुभाष सुराना, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ श्री सागर जाधव,अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, एसडीएम श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे

### बाबा साहब अंबेडकर जी जैसे महान व्यक्तित्व हमेशा ही हमें भाईचारे एवं कौमी एकता के साथ मिलजुल कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है- नवनीत चांद

**विश्वरत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी की 132 वी जयंती मनाई गई इस मौके पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं अखिल भारतीय परिसंघ के संयुक्त नेतृत्व कोतवाली एसबीआई चौक में आकर्षक लाइटिंग व साज-सज्जा की गई**

**जगदलपुर** । विश्वरत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी की 132 वी जयंती के शुभ अवसर पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं अखिल भारतीय परिसंघ के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय जगदलपुर शहर के कोतवाली एसबीआई चौक में आकर्षक लाइटिंग साज-सज्जा कर, सविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी के चित्र में पुष्पा एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बाबा साहब के जयंती पर शानदार और गरिमामय इस आयोजन में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओं के साथ मुक्तिमोर्चा के संयोजक श्री नवनीत चांद के साथ अखिल भारतीय परिसंघ के पदाधिकारि एवं बड़ी संख्या में बस्तर के अनेक सामाजिक ,सांस्कृतिक संगठन के पदाधिकारी ,गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। मुक्ति मोर्चा के संयोजक द्वारा बाबासाहेब के जयंती को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम को गरिमामय बनाने सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों सहित नागरिक गांव से अधिक से अधिक उपस्थित होने का होने अपील किया गया था । इस कार्यक्रम को लेकर श्री नवनीत ने कहा है कि-विश्वरत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी की 132 वी जयंती का यह शुभ अवसर हमे सदैव ही भाईचारे एवं कौमी एकता के साथ मिलजुल कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है विकास और शान्ति के इसी तरह के आयाम से देश ,समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय परिसंघ के साथ सयुंक्त रूप से मिलकर आज इस जयंती को प्रेरक ढंग से मनाए जाने की हमारी कोशिश के पीछे यही भावना है।श्री नवनीत ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को उनकी जागरूक उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी की 132 वी जयंती के शुभ अवसर पर शहर के कोतवाली एसबीआई चौक में आकर्षक लाइटिंग साज-सज्जा को देखने भी लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला वही इस तरह के प्रयास को लोग सराहते भी दिखे। इस अवसर पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक नवनीत चांद अवसर पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य सयोजक नवनीत चांद,जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय परिसंघ सतीश वानखेडे संतोष सिंह ,उषा शर्मा ,संगीता सरकार,शोभा गंडोत्रा ,सरिता कश्यप,गुड्डी,ओम मरकाम लक्ष्मी दास,धीरज जानी धनसिंह बघेल, नरपति,माही सोनी,नीलाम्बर, ओमप्रकाश,देवराज,यादव,पीताम्बर मोरे,मनोज साहू,महेश,मालती किशन सरकार,प्रीतम नाग आदि उपस्थित थे।





### परमेश्वरी भवन में महिला सशक्तिकरण पर बैठक सम्पन्न

**अंडा** । देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर रिसाली में महिला सशक्तिकरण पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम रिसाली की महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती कुंजेश्वरी साहू एवं श्रीमती ललिता सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर महिलाओं के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण, स्व सहायता समूह का गठन आदि हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारियां दी।

# छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष अलताफ अहमद ने पदभार ग्रहण किया

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अलताफ अहमद ने आज पूर्वान्ह कार्यालय छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड में अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री अरुण वोरा विधायक एवं अध्यक्ष वेयर हाऊस कार्पोरेशन, श्री महेन्द्र सिंह छाबड़ा अध्यक्ष छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग श्री धीरज बाकलीवाल महापौर दुर्ग, श्री इदरीस गांधी अध्यक्ष छ.ग. उर्दू अकादमी, श्री मो. असलम अध्यक्ष छ.ग. हज कमेटी, श्री मो. हफ़ीज़ ख़ान उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग, श्री एम. आर खान (सचिव), श्री मो. इकबाल, श्री गोविंद कुमार मिश्रा, डॉ. इम्तियाज अहमद अंसारी, सचिव छ.ग. मदरसा बोर्ड, विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री अरुण वोरा विधायक एवं अध्यक्ष वेयर हाऊस कॉर्पोरेशन श्री महेन्द्र छाबड़ा अध्यक्ष छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं श्री इदरीस गांधी छ.ग. उर्दू अकादमी सहित उपस्थित अतिथियों नें श्री अलताफ अहमद को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर श्री अलताफ अहमद अध्यक्ष छ.ग. मदरसा बोर्ड ने माननीय श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छ.ग. शासन का आभार व्यक्त किया। श्री अहमद ने कहा कि मुझे जो ज़िम्मेदारी दी गई मैं पूरी लगन और मेहनत से उसे पूरा करूंगा। मदरसों के विकास और उत्थान के लिये विशेष रूप से कार्य योजना बनाकर कार्य करना है। मदरसों की जो समस्याऐं हैं निराकरण के लिए विशेष रूप से प्रयास करना है।



# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ डीके उपाध्याय ने किया। बच्चों में प्रयोगशाला के महत्व प्रयोग प्रदर्शन एवं करके सीखने पर आधारित परियोजनाओं का निर्माण कराया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को विज्ञान के प्रति अभिरुचि जागृत करने एवम सीखने का अवसर प्रदान किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु निकट के विद्यालय के बच्चों को भी अवसर प्रदान किया गया विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों के निर्देशन में बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण आधारित मॉडल, डीएनए, हृदय की कार्य संरचना पर्यावरण संरक्षण आधारित माडल्स, किडनी के कार्य सरचना आदि अनेक मॉडल्स का निर्माण किया गया। इस आयोजन के द्वारा प्रयोगशाला में बच्चों को प्रायोगिक कार्यों का प्रदर्शन भी दिखाया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ पुस्तक मेला का आयोजन किया गया जिसमे पुस्तकालय के पुस्तकों को सजाकर प्रदर्शनी के रुप मे दिखाया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के समस्त छात्र,शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।





# बंगुरसिया मार्ग पर हुये लूटपाट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## चक्रधरनगर पुलिस ने मामले के चार आरोपियों को घटना के दूसरे ही दिन गिरफ्तार कर भेजा था रिमांड पर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़ ।

18 फरवरी की रात्रि बंगुरसिया मेन रोड़ पर सुनसान का फायदा उठाकर लूटपाट के नियत से गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वाले 04 आरोपियों को रुचक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा था। आरोपियों का एक साथी प्रकाश सेठ उर्फ आलोक घटना के बाद से फरार था जिसे आज मुखबिर सूचना पर ग्राम पतरापाली पूर्व से गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। लूटपाट की घटना को लेकर तमनार निवासी विनायक पटनायक द्वारा 18 फरवरी 2023 की रात्रि थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि महाशिवरात्रि के दिन घर से सत्यनारायण धाम कोसमनारा रायगढ़ दर्शन करने अपने बड़े पिताजी विजय शंकर पटनायक के साथ अपनी वाहन एक्सयूव्ही 700 क्रमांक सीजी13 एएस 9002 में आये थे। बाबाधाम से दर्शन कर रात करीब 09 बजे बंगुरसिया रास्ते से तमनार लौट रहे थे कि पास बंगुरसिया रास्ते मेन रोड में गाड़ी के सामने मोटर सायकल से आ रहे 3 - 4 लड़के लूटपाट करने के नियत से गाड़ी के सामने का शीशा को पत्थर से मारे जिससे चोट आया और गाड़ी का शीशा टुट गया। उसी समय रायगढ़ तरफ से एक बोलेरो गाड़ी आयी जिस पर भी वे लड़के पत्थर मारे। तब बोलेरो गाड़ी में सवार एक व्यक्ति नीचे उतरा जो परिचित जुनवानी का मिनकेतन मालाकार था। मिनकेतन उन लड़कों को देखकर दो लड़कों को पहचान गया । तब वे लोग भागे, लूटपाट करने वाला ग्राम पतरापाली के कार्तिक राम राठिया, तोष राम यादव और उसके साथी थे । रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 394,427, 34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर चक्रधरनगर पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में दौरान दूसरे ही दिन चार आरोपी, कार्तिक राठिया पिता स्वर्गीय मंगल राठिया 23 साल, तोष राम यादव पिता राजकुमार यादव 23 साल, दिनेश राठिया पिता गंगा राम राठिया उम्र 20 वर्ष तीनों निवासी पतरापाली पूर्व थाना चक्रधरनगर 4, राहुल यादव पिता चेतराम यादव 19 साल निवासी घुमाबहाल थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 3 मोटर सायकल जप्त कर रिमांड पर भेजा गया था। चारों आरोपियों ने उनके एक और साथी प्रकाश सेठ के साथ मिलकर अपराध कारित करना बताये थे। आरोपी प्रकाश सेठ घटना के बाद से फरार था। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश देकर दबाव बनाया जा रहा था। साथ ही मुखबिरों को सक्रिय कर आरोपी के क्षेत्र में देखे जाने पर सूचना देने कहा गया था कि सुबह मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी को आरोपी प्रकाश सेठ के गांव पतरापाली आने की सूचना दिये जाने पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम पतरापाली में दबिश देकर आरोपी प्रकाश सेठ उर्फ आलोक सेठ पिता स्व.दीपक सेठ 23 साल निवासी ग्राम पतरापाली पूर्व थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है जिसे न्यायिक रिमांड बाद जेल वारंट पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है।



# वांचितो के सशक्तिकरण हेतु समर्पित रहा बाबा साहब का जीवन-हरिश मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। बाबा साहब ने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिता दिया उन्होंने भारतीय समाज में समानता लाने के लिए कई प्रयास किए दलितों पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों को उन्होंने समर्थन किया।



आज डॉक्टर अंबेडकर के इस जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस केमटी कुसमी के अध्यक्ष हरिश मिश्रा ने कहा कि धर्म वर्ग जाति भेद से परे संविधान में समानता का अधिकार हर किसी के लिए उपलब्ध कराने का श्रेय डॉ. अंबेडकर को जाता है। परंतु वर्तमान में भारतीय संविधान संकट में है। जहां अभिव्यक्ति की आजादी पर भी सरकार पाबंदी लगाने की दिशा में आगे बढ़ रही है देश के संसद में प्रजातंत्र के तरीके से चुने गए सांसदों को बोलने नहीं दिया जाता है संविधान के संरक्षण की समूची जिम्मेदारी कानूनविदों की है। हमारे देश में संविधान का ही राज चलता है। डॉक्टर अंबेडकर ने जो राह हम सबको दिखाई है।

*उस पर ही हमें बढ़ना है। और समानता भाईचारे और सौहार्द को हमेशा बनाए रखना है। हमारा संविधान हमें अधिकारों के माध्यम से ही शक्ति और संरक्षण प्रदान करता है। भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर स्वतंत्रता समानता और भाईचारा पर विश्वास करते थे। वर्तमान परिस्थितियों में संविधान की व्याख्या लोग अपने अपने तरीके से कर रहे हैं परंतु हमारे भारतीय संविधान ने जो समानता स्वतंत्रता हमें प्रदान की है उसके बूते हमें अनेकता में एकता बनाए रखनी है जो हमारे संविधान निर्माताओं और डॉक्टर अंबेडकर की मूल मंशा थी। हमें डॉक्टर अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलकर भारत के नव निर्माण की संकल्प लेनी है।*

# सीएचसी जनकपुर स्वच्छता व बेहतर प्रबंधन में प्रदेश में अव्वल

## राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर को स्वच्छता व बेहतर प्रबंधन हेतु राज्य में पहला स्थान हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 13 अप्रैल को राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र व शील्ड से सम्मानित करते हुए पुरस्कार स्वरूप 15 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।



पुरस्कार स्वरूप मिला 15 लाख का चेक

यह पुरस्कार कायाकल्प योजना अंतर्गत 2022 .23 हेतु प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी समारोह के अध्यक्ष के तौर पर उपस्थित थे। नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़.चिरमिरी.भरतपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर को शासकीय अस्पतालों में सफ ाई प्रबन्धन, रोग नियंत्रण, भवन एवं परिसर सौंदर्यीकरण, रोग सेवा में सुधार, स्वच्छ भारत मिशन का क्रियान्वयनए स्वच्छ अस्पताल योजना में किए गए कार्यों के आधार पर वर्ष 2022-23 के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में एमसीबी जिले की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश कुमार तिवारी, डीपीएम डॉ.प्रिंस जायसवाल, बीएमओ जनकपुर डॉ.राजीव कुमार रमन तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.अभ्या गुप्ता ने पुरस्कार ग्रहण किया। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर पीएस ध्रुव के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ.सुरेश तिवारी के मार्गदर्शन में जनकपुर सीएचसी ने स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से आज प्रदेश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। हॉस्पिटल की अधोसंरचना प्रदेश के निजी अस्पताल के अनुकूल है। एमसीबी जिले के अलावा अन्य राज्य जैसे एमपी के मरीज भी इस अस्पताल में सेवाओं से लाभान्वित हो रहे है। यहां मरीजों को गुणवत्तापूर्ण ईलाज तो दिया ही जाता है साथ ही मरीजों के लिये गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क आहार, जैव अपशिष्ट का त्वरित निपटान, जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिये एक प्रेरणा का स्त्रोत है। मरीजो एवं स्टाफ को संक्रमण से बचाने के लिये अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनायी जाने वाली कार्यप्रणाली बेहतरीन है।

# टीआरएन कंपनी की रिजर्व वन मंडल क्षेत्र में अवैध तरीके से कार्य करते पकड़ी गई

## लोडर को घरघोड़ा वन मंडल में छोड़ने की चल रही तैयारी

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।





घरघोड़ा से लगभग 10 किलोमीटर दूर में विकसित टीआरएनएनर्जी एवं पावर लिमिटेड द्वारा लगभग 4 वर्ष पहले ग्राम कटंगडीह बीट कक्ष क्रमांक 1248 पी एफ के क्षेत्र अवैध तरीके से सड़क बनाई गई थी जिसे फॉरेस्ट के द्वारा गड्ढा खोदकर बंद किया गया था उसे फिर कंपनी के द्वारा लोडर उपयोग कर साइड से सड़क बनाया जा रहा था और गड्ढे पाटे जा रहे थे और उसी बीच में आए रिजर्व फॉरेस्ट के पेड़ भी गिराए गए थे। जिसे मौके में फॉरेस्ट टीम द्वारा पहुंचकर लोडर को जब्ती किया गया था तथा फॉरेस्ट क्षेत्र में अवैध तरीके से सड़क बनाने के लिए कंपनी को लगभग 18 लाख रुपए का जुर्माना भी हुआ था यह वही लोडर है यह घटना 2019 की है जिसे आज 4 वर्ष से भी ज्यादा हो गए हैं सूत्रों से जानकारी मिली है कि अब उसी लोडर जो अवैध तरीके से रिजर्व फॉरेस्ट में कार्य कर रहा उसे घरघोड़ा वन मंडल के द्वारा छोड़ने की तैयारी पूर्ण हो चुकी है तथा जब्ती कार्यवाही के मूलतः दस्तावेजों में भी लीपापोती करने की खबर मिली है जो कि गैर कानूनी है घरघोड़ा फॉरेस्ट के डिपो में लगभग 4 वर्ष से भी ज्यादा से जब्ती खड़ी वाहन लोडर को छुड़ाने के लिए कंपनी के ही कुछ गुर्गे लोडर के आसपास चेक करते नजर आए हैं इसका मतलब लोडर को छोड़ने की पूर्ण तैयारी घरघोड़ा वन मंडल द्वारा किया जा चुका है देखना अब यह है कि पिछले 4 साल से पहले से भी रातसात जब्ती हो चुके लोडर को भारतीय वन अधिनियम की धारा का उल्लंघन करते हुए किस नियम के तहत घरघोड़ा वन मंडल छोड़ने की तैयारी में है सूत्रों से यह जानकारी भी मिली है कि घरघोड़ा के एसडीओ द्वारा घरघोड़ा रेंजर को कुछ निर्देश दिए हैं क्या वह निर्देश या आदेश भारतीय वन अधिनियम की धारा के अंतर्गत है या फिर उसका उल्लंघन करते हुए दिए गए हैं तथा आर्डर लिखित में है या मौखिक दिए गए हैं इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है घरघोड़ा एसडीओ फॉरेस्ट को जब मोबाइल से संपर्क करना चाहा तो मोबाइल का नंबर बंद बताया जा रहा था देखना अब यह है कि किस नियम के तहत घरघोड़ा वन मंडल अधिकारी द्वारा जप्त वाहन लोडर के दस्तावेज में लीपापोती कर लोडर छोड़ने का आदेश देते हैं

### क्या कहते हैं घरघोड़ा रेंजर

*घरघोड़ा रेंजर योगेंद्र का कहना है कि मुझे एसडीओ घरघोड़ा द्वारा निर्देशित लिखित आदेश दिया गया है और बाकी आप इसकी विस्तृत जानकारी घरघोड़ा एसडीओ से ले सकते हैं।*

# घर को फूंकने वाले गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा हिंसा मामले में पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। पुलिस ने घर को आग के हवाले करने के आरोप में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिरनपुर में इन आरोपियों ने एक घर को फूंक दिया था। जहां ब्लास्ट भी हुआ था। पुलिस ने बताया कि 10 अप्रैल 2023 को बीरनपुर गांव के एक मकान में दोपहर करीबन 2 बजे अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी। इस घटना पर थाना साजा में अपराध क्रमांक 90ध् 23 धारा 436ए34 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तहकीकात के दौरान 5 आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने से प्रकरण में धारा 147,148, 149 भादवी के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में अजय रजक पिता कृष्ण रजक उम्र 23 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़, प्रवीण कुमार साहू पिता काशीराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़,संदीप साहू पिता परसराम साहू उम्र 20 वर्ष निवासी रामहेपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, प्रदीप रजक पिता अनुज रजक उम्र 21 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़ और दिनेश रजक पिता जनक रजक उम्र 23 वर्ष निवासी पेंडरवानी थाना गंडई जिला खैरागढ़।

# सतनामी समाज ने निकाली बाबासाहेब की भव्य शोभायात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



14 अप्रेल को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सक्ती जिला बनने के बाद सतनामी समाज एव भीम आर्मी के द्वारा भव्य शोभायात्रा का नगर सहित आस पास के गांव में भ्रमण किया जय भीम एजय भीम नारे का उद्बोधन करते हुए युवा, महिलाएं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर के अंबेडकर चौक में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरण किया जिसमें मुख्य रूप से मुख्य न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी, अधिवक्ता राकेश रोशन महंत, लाल बहादुर खंडेलवाल प्रदेश समन्वयक अनूसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी,मनोहर खुटे, भगवान दास,पुरषोत्तम खुटे, एल्डरमैन सुकमत डेनसिल, सुरेश डेनसिल, विजय बहादुर,उदय मधुकर,राम कुमार कुरे, रामप्रकाश जाफरी,पूरन भारद्वाज, राम भरोस यादव,अरुण, संजय राजकुमार,राम नरेश सिंह यादव हजारों की संख्या में नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थी।

# कोई भी क्षेत्र हो जीत हमेशा अच्छाई की होती है, बुराई की कभी जीत नहीं होती- योगेश तिवारी

## जस झांकी प्रतियोगिता में किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि शामिल हुए

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**जय अम्बे माता सेवा जस पार्टी ग्राम कुसमी की ओर से आयोजित जस झांकी प्रतियोगिता में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।**



सर्वप्रथम किसान नेता ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर किसान नेता ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा किमां दुर्गा के अनेक रूप हैं। जो हमें प्रेरणा और शक्ति देती है। जगत जननी माता रानी ने जगत की रक्षा के लिए राक्षसों का संहार किय। मानव जीवन के कल्याण के लिए मा दुर्गा अनेकों रूप में जगह.जगह विराजमान है। जस गायन एवं झांकी में माता के विभिन्न लीलाओ का बखान मंडलियों द्वारा की जाती हैं जो बहुत ही सराहनीय हैं। जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता होंने से पूरा क्षेत्र माता की भक्ति में डूबा हुए है। हमारे जीवन में कोई भी संकट आता हो, तब मां दुर्गा की भक्ति कर शक्ति प्राप्त कर इन दुखों का निवारण करते हैं। जब-जब इस धरती पर बुराई, दुष्कर्म, पपा बढ़ते हैं, तब-तब माता रानी अनेक रूपों में आकर इन सब दुखों को हरती है। जस झांकी के माध्यम से दो प्रकार के प्रदर्शन होता है । एक अच्छाई एक बुराई हमे अच्छाई का जो पात्र है। उससे सीखना चाहिए की हमे अपने जीवन शैली कैसे रखना है। जीवन कैसे जीना चाहिए, हम सब देखते है कोई भी कार्य हो कोई भी क्षेत्र हो जीत हमेशा अच्छाई की होती है। बुराई की कभी जीत नहीं होती। इस दौरान अध्यक्ष मोतीराम साहू, कोषाध्यक्ष पीलू राम साहू, सचिव संफा लाल साहू, छन्नू लाल साहू, प्रकाश साहू, घनश्याम साहू, पुनऊ राम साहू, कन्हैया लाल साहू, राकेश साहू, पुरेंद्र साहू,संतोष साहू, कौशल प्रसाद साहू,कुमार साहू, तुलसी राम साहू,रामेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

# जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सभी ब्लॉक एवं ग्राम पंचायतों में अंबेडकर जयंती मनाई गई



जोहार छत्तीसगढ़-कुनकरी।

बाबा साहब के जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग प्रकोष्ठ के तत्वाधान में और जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जशपुर जिला के सभी ब्लॉक में ग्राम पंचायतों में अंबेडकर जयंती मनाई गई और इस कार्यक्रम में हम सभी उनसे दिखाए हुए रास्तों पर देश को देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार स्वास्थ का विकास शिक्षा का विकास और मूल अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान के रक्षा के लिए आज ऐसी परिस्थिति में जब एक खास विचारधारा के लोग संविधान को मानने से इनकार कर रहे हैं उसको उसमें अमूल्य परिवर्तन करना चाहते हैं ऐसे समय में हम सभी का एक होकर के संविधान की रक्षा करना प्रासंगिक हो गया है और हम से विचलित है आइये हम सब को मिलकर सविधान को बचाना है! इस जयंती कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव,विधि विभाग के जिलाध्यक्ष ताहिर अली अध्यसंकर त्रिपाठी,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हसन नगर पंचायत अध्यक्ष अजेम टोप्पो, जनपद अध्यक्ष अंजना मिंज,बेमता टोली सरपंच राजकुमरी लकड़ा ओम शर्मा विक्की बाई,जितबाहन कांसारी सुखदेव साई,रामकुमार गुप्ता,कुंजारा सरपंच बैजनाथ सिदार, कुंजारा बूथ अध्यक्ष,रामजीत चौहान युवा कांग्रेस के साथी संदीप केरकेट्टा,सेलवंत मिंज,अरविंद कुजूर, अयूब खान,राहुल नायक, कुबेर यादव, हरीश पारीक, आशीष कांसारी एवं समस्त कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# वंचितो के सशक्तिकरण हेतु समर्पित रहा बाबा साहब का जीवन - उमेश अग्रवाल

## 133 वीं जयंती में डॉ.भीमराव अम्बेडकर को भाजपा ने याद किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**जिला भाजपा कार्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जयंती के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि वंचितो शोषितो के सशक्तिकरण हेतु बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन समर्पित रहा।**



देश बाबा साहेब के योगदान को भुला नहीं सकता। उन्होंने छुआ छूत को समाप्त करने में सफलता पाई। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वाधान में आज जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय संविधान और आधुनिक भारत निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के साथ सभी नेताओ ने बाबा साहेब के योगदान का स्मरण करते हुए उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही केलेक्ट्रेट के समीप स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। उमेश अग्रवाल ने बाबा साहेब के अभूतपूर्व योगदान का स्मरण करते हुए कहा सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत एवम समता मूलक समाज के निर्माण कर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती है। डॉ भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के संविधान निर्माता रहे। 14 अप्रैल को जन्मे बाबा साहेब की जयंती देश वासी श्रद्धा पूर्वक मनाते है। भारत रत्न अम्बेडकर का पूरा जीवन संघर्षों से भरा रहा। भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। आजादी की लडाई में शामिल हुए और स्वतन्त्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। बाबा साहेब के बताए मार्गो का अनुशरण आगे बढ़ने की आवश्यकता जताई। राजनीति में उनके विचारों को अपनाना आवश्यक है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन कुर्रे के नेतृत्व में जयंती आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल भल्ला , विवेक रंजन सिन्हा जिला भाजपा उपाध्यक्ष बब्बल पांडेय, जिला मंत्री रत्थु गुप्ता, जिला कार्यसमिति विकास केडिया,नगर शहर मंडल अध्यक्ष डिग्री लाल साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रदीप श्रृंगी, जिला अनुसूचित मोर्चा उपाध्यक्ष सुरेंद्र बघेल,नगर भाजपा उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, नेहा देवांगन मंत्री गोलू यादव मीनाक्षी मेहर, हेमकांत साहू पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संतोष साहू, दीपक दिनकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### शहर की गलियों में घूमता नज़र आया भालू,वन विभाग की टीम खोजबीन में जुटी



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर के मध्य स्थल देवीगंज रोड में सहित आस - पास के क्षेत्र में आधी रात को जंगल की ओर से आया भालू शहर में विचरण कर रहा था। इसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पहुंचकर भालू को शहर से बाहर खदेड़ने की कोशिश करते नजर आ रहे है। फिलहार भालू ने किसी प्रकार से कोई नुकसान नहीं पहुचाया हैं। वहीं किसी ने भालू का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया,और यहाँ सोशल मीडिया में भालू के आने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

### श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी : 20 लोग घायल, इनमें से 6 की हालत गंभीर



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार 20 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से 6 लोगों को अधिक चोटें आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी मुंडन कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसा अमरकंटक-गौरेला मुख्य मार्ग पर स्थित चुक्तिपानी गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, अमरकंटक से नर्मदा दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। सभी मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के भेलवा गांव के रहने वाले हैं। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन तेज रफ्तार से आ रही थी। रफ्तार अधिक होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और चुक्तिपानी गांव के पास अंतिम घाट पर पलट गया। इसमें 20 लोग घायल हो गए, जिसमें से 6 लोगों को अधिक चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी मुंडन कार्यक्रम के लिए अमरकंटक गए थे।

### कबाड़ की दुकान में लगी आग, इलाके में अफरा-तफरी का माहौल



**भिलाई।** भिलाई के खुर्सीपार थाना क्षेत्र के शहीद वीर नारायण सिंह नगर पावर हाऊस ITI के सामने शीराज के कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई. इससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची. अग्निशमन कर्मियों ने दो गाड़ी पानी और फ़ोम की मदद से आग पर क़ाबू पाया। वहीं दुकान से लगे फर्नीचर दुकान और कबाड़ की दुकान के पीछे बस्तियों की ओर आग को बढ़ने से दमकलकर्मियों ने रोका. आग लगने का कारण अज्ञात है।

# सड़क निर्माण कार्य में विलम्ब एवं अनियमितता को लेकर चक्काजाम आज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**दो सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ को सप्ताह भर पहले ही ज्ञापन सौंपा था।**




धरमजयगढ़ खरसिया मुख्य मार्ग का धीमिगति से निर्माण होने के कारण लोगों को अनेक तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस मार्ग को लेकर पहले भी कई जगहों पर चक्काजाम एवं आंदोलन किया जा चुका है। निर्माणाधीन सड़क में गड्ढे से लोग परेशान हैं वहीं उड़ते धूल का अंबार लोगों को गंभीर बीमारी बांट रहा है। ठेकेदार को इस समस्या से कोई लेना देना नहीं है। क्योंकि यदि पानी का छिड़काव सही तरीके से हो जाता तो धूल के समस्या से छुटकारा मिल जाता। वहीं इतनी धीमी गति से निर्माण कार्य करने के बाद भी गुणवत्ताहीन कार्य हो रहा है। जगह-जगह बने पाइप पुलिया में दरार पड़ गया है। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण में विलम्ब एवं अनियमितता के साथ साथ लोक निर्माण विभाग में वर्षों से तैनात सब इंजीनियर का तबादला का मांग किया जा रहा है। धरमजयगढ़ खरसिया मुख्य मार्ग में बालाजी ढाबा के पास सुबह 9 बजे से चक्काजाम किया जाएगा।

### *विधायक, सांसद, कलेक्टर नहीं आते इस मार्ग पर*

*विगत कई वर्षों से धरमजयगढ़ खरसिया मार्ग खराब है। बरसात के दिनों में तो इस मार्ग में जाना जान हथेली पर लेकर चलने जैसा है। इस मार्ग में चलने वाले बसों ने आना जाना ही बंद कर दिया। जैसे तैसे नए सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली। लेकिन उसका निर्माण भी भगवान भरोसे चल रहा है। इस मार्ग से कोई जनप्रतिनिधि या उच्च अधिकारी आवागमन नहीं करते। सभी अन्य ग्रामीण मार्ग से धरमजयगढ़ तक पहुंचते हैं।*

## एक नजर

# बिरनरपुर साजा एवं बेमेतरा में मुनादी के माध्यम से दी जा रही सूचना

धारा 144 का उल्लंघन करने वालो पर होंगी दण्डात्मक कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



ग्राम बिरनपुर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों पर नियंत्रण रखने ग्राम बिरनपुर सहित अनुविभाग साजा एवं बेमेतरा शहरी क्षेत्र में धारा 144 प्रभावशील है। ग्राम बिरनपुर में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश की मनाही है। अत: कोई भी बाहरी व्यक्ति ग्राम बिरनपुर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। जिला प्रशासन की ओर से अपील की जाती है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कोई भी बाहरी व्यक्ति ग्राम बिरनपुर में प्रवेश न करे। जिला प्रशासन द्वारा मुनादी के माध्यम से इस सुचना की जानकरी दी जा रही हैं द्य धारा 144 का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी।

# डॉ. बाबासाहेब जयंती पर भाजपा ने किये अनेक कार्यक्रम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल हुए शामिल

वृक्षारोपण कर बाबासाहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीवार लेखन करते हुए

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।







14 अप्रेल को भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सुबह 10 बजे मांगेराम निवास से पैदल रैली निकाल कर नाका चौक पहुंचे जहां पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण की पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग एवं देश का विकास कर रही है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास भाजपा का मुख्य उद्देश्य है भाजपा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं कांग्रेश अनुसूचित जाति वर्ग को वोट बैंक समझती रही है अनुसूचित जाति वर्ग के विकास के लिए भाजपा सतत कार्य कर रही है और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पंचतीर्थ का निर्माण भाजपा ने किया डॉक्टर अंबेडकर की जयंती को शासकीय अवकाश केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा घोषित किया गया जो पहले नहीं था भाजपा डॉक्टर अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता पखवाड़ा मना रहा है एवं सेवा के कार्य कर रही है भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय समरसता पखवाड़ा अंतर्गत विविध प्रकार के सेवा से जुड़े कार्यक्रम कर रहे है। जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा ने कहा जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण आज् किया गया स्वच्छता अभियान एवं भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया एवं वार्ड क्रमांक 18 में दलित बस्तियों में गोविंद निराला के घर पर भोजन सभी सामाजिक लोगों के साथ बैठक भाजपा जिला पदाधिकारी ने किया सभी जगह समरसता भोज के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। एवं दीवार लेखन का कार्य पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद जिला अध्यक्ष ने भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद गुहाराम अजग्ले, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा, पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, प्रीतम गवेल,राम अवतार अग्रवाल,गगन जयपुरिया, टिकेश्वर गबेल,राम नरेश सिंह यादव, कमलेश जांगडे,मोहन कुमारी साहू, अनूप अग्रवाल, प्रेम पटेल, संजय रामचंद्र, मांगेराम अग्रवाल, रंजन सिन्हा,उदय वर्मा, लोकेश साहू, चिराग अग्रवाल अभिषेक शर्मा, अंकित अग्रवाल,अमन डालमिया, अरुण शर्मा,उषा साहू, धनश्याम साहू, गोपी सिंह ठाकुर,भूषण चन्द्रा,उमा राठौर पूनम साहू, पुष्पेंद्र कसेरा, अनिता गोपाल,गोविंद देवांगन, आदि कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# मातृ शक्ति का आगे बढ़ना समाज के लिए सकारात्मक- रामचंद्र

ताइक्कांडो में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं का हुआ सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




जिले से ताइक्कांडो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं का सम्मान समारोह रायगढ़ क्लब में आयोजित किया गया। ताइक्कांडो टीम के कोच विकास और लता श्रीवास ने बताया कि काफी समय बाद ताइक्कांडो प्रतियोगिता में युवा पीढ़ी ने राजस्थान के कोटा जाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी के लिए सम्मान समारोह रायगढ़ क्लब में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि रामचंद्र शर्मा ने कहा कि मातृ शक्ति के आगे बढ़ने पर समाज और देश आगे बढ़ता है। इस तरह से प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतना पूरे जिले के लिए उपलब्धि की बात है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अधिवक्ता संजय दास, रोटी बैंक के संचालक अरुण उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने शानदार नृत्य भी प्रस्तुत किया, ताइक्कांडो खेल का प्रर्दशन भी किया। याशिका पटेल गोल्ड मेडल, गुलाल राठौर सिल्वर मेडल आदि विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में कोच विकास ने आभार व्यक्त किया।

# भारतीय जनता पार्टी रतनपुर मंडल द्वारा सविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



आज भारतीय जनता पार्टी रतनपुर मंडल द्वारा सविधान निर्माता भारत रत्न डॉ, भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर शक्तिकेंद्र भेडीमुड़ा अंतर्गत बुथ क्रमांक 260 ओछीना पारा अंबेडकर वार्ड नं 10 में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर संगोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित किया गया। एवं केक काटा गया तत्पश्चात ज्वाला कौशिक पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा वर्तमान मंडल कार्यसमिति सदस्य भा. ज.पा .के घर मे अंबेडकर प्रसाद भोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मोहित जायसवाल जिला महामंत्री पवन गर्ग प्रभारी कोटा विधानसभा लवकुश कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ सुनील जयसवाल दुर्गा बबलू कश्यप तिरिथ यादव संतोष तिवारी रोहिणी बैसवाड़े घनश्याम रात्रे कन्हैया यादव रविंद्र दुबे सजंय साहू द्वारिका मंडलोई रामरतन भारद्वाज शिवप्रसाद सूरज बेनी प्रसाद प्रभुनाथ भानु कश्यप प्रेमांशु प्रह्लाद अनिल दिनेश ज्ञानेंद्र कश्यप पवन पाठक सुधाकर तम्बोली जितेंद्र पाटले राजेश देवीप्रसाद परमेश्वर अमृत रोहित लवकुमार अमित विजय दिलीप रामनरायण राहुल रतिराम भगवान महेंद्र रमन योगेश विनोद आदि सैकड़ों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# मजदूर 50 फीट की ऊंचाई से जमीन पर गिरा, बैलेंस बिगड़ने से गई जान

**जांजगीर चांपा** । जिले के थाना क्षेत्र के चैंपियन फैक्ट्री में 50 फीट की ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत हो गई और उसे आनन-फानन से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि कुरदा गांव निवासी मोतीलाल यादव, चैंपियन फैक्ट्री में मजदूरी करता था और मोतीलाल यादव चैंपियन आज फैक्ट्री में काम करने के लिए गया हुआ था। मजदूर 50 फीट की ऊंचाई में पहुंचा और सेफ्टी बेल्ट अपने शरीर में बांधने के बाद उसके हुक को सपोर्ट में लगा रहा था, तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और वह 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। दुर्घटना में उसके सिर में गंभीर चोट आई थी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर, घटना के बाद फैक्ट्री में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में मोतीलाल यादव को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया लोगों को जागरूक

**दुर्ग** । नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कसारीडीह वार्ड 42 क्षेत्र के रिक्त पार्षद पद पर चुनाव कराया जाना है। जिसमें मतदाता सूची पुनरीक्षण के पश्चात प्रारंभिक प्रकाशन होने पर 10 अप्रेल से लेकर 17 अप्रेल तक दावा आपत्ति लिया जा रहा है।

# समरस समाज के निर्माण का पहला प्रयास बाबा साहेब ने किया - ओपी चौधरी

एकता के सूत्र में भारत की अखंडता के प्रतीक रहे डॉ. अम्बेडकर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा देश डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर जानता है। 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में जन्म लेने वाले बाबा साहेब के अविस्मरणीय योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न दिया गया था। अम्बेडकर पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा। भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने शैक्षणिक जीवन पूरा किया। आजादी की लडाई के दौरान भी उनका योगदान रहा। स्वतन्त्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में उनका योगदान कभी भुलाया नही जा सकता। बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए लंबी लड़ाई लड़ी। ओपी चौधरी ने उनके जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणादाई बताते हुए कहा उनका बचपन भेदभाव में गुजरा। इस दौरान समाज में छुआछूत जैसी समस्याएं व्याप्त थीं। इस वजह से उन्हें शुरुआती शिक्षा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुशाग्र बुद्धि के बाबा साहेब ने जात-पात की जंजीरों को तोड़ अपनी शिक्षा पूरी की। मुंबई के एल्फिंस्टन रोड पर स्थित सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले वह पहले अछूत छात्र रहे। बाद में 1913 में अंबेडकर ने अमेरिका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शिक्षा ली । 1916 में बाबा साहेब को शोध के लिए सम्मानित किया गया था। लंदन में पढ़ाई के दौरान जब उनकी स्कॉलरशिप खत्म हो गई तो वह स्वदेश वापस आ गए और मुंबई के कॉलेज में प्रोफेसर के तौर पर नौकरी करना शुरू कर दिया। हालांकि उन्हें यहां पर भी जात पात और समानता का सामना करना पड़ा। इसी कारण अंबेडकर दलित समुदाय को समान अधिकार दिलाने के लिए कार्य करने लगे । उन्होंने जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई थी और दलित समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था।



### राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा मोदी के प्रति आभार जताया

बाबा साहेब अंबेडकर के जन्मदिन पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने पर ओपी चौधरी ने मोदी सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा यह उनसे जुड़ी स्मृतियों का यथो चित सम्मान है।भारतीय राजनीति में उनकी प्रासंगिकता कभी समाप्त नही हो सकती।

# मुख्यमंत्री ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र जूर को प्रथम एवं डेडरी को द्वितीय पुरस्कार किया प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कायाकल्प योजना के अंतर्गत जिले को मिला प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण का आयोजन 13 अप्रैल 2023 को रायपुर में किया गया। इस योजना अंतर्गत चयनित अस्पतालों को पुरस्कृत किया जाता है। जिले के कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के सफल निर्देशन एवं जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह के मार्गदर्शन में इस वर्ष जिला ने राज्य में अपना परचम लहराया राज्य स्तरीय कायाकल्प सम्मान समारोह वर्ष 2022-23 में उप स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में उप स्वास्थ्य केंद्र जूर विकासखंड भैयाथान को प्रथम पुरस्कार तथा उप स्वास्थ्य केंद्र डेडरी विकासखंड सूरजपुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। साथ ही 81 स्वास्थ्य संस्थाओं ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले अस्पताल को 1,00000 एवं द्वितीय पुरस्कार के विजेता अस्पताल को 50,000 की राशि प्रदान की गई। वहीं वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रथम स्थान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नवापारा कला विकासखंड प्रेमनगर को एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई को पुरस्कृत किया गया था। यह पुरस्कार बेहतर प्रबंधन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं साथ ही अस्पतालों में स्वच्छता के आधार पर प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले से सुश्री शुभम श्रीवास्तव को राज्य में सर्वश्रेष्ठ आरएमएनसीएचए का पुरस्कार दिया गया। वहीं डॉ. तेरस कंवर नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर दीपक मरकाम डेंटल सर्जन को भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

# जिले के अग्निशमन विभाग ने निकाली जन-जागरूकता रैली

राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

**आज ही के दिन विक्टोरिया डॉक मुंबई बंदरगाह में 14 अप्रैल 1944 को जहाज एसएस फोर्ट स्टिकिन बॉम्बे कार्गो में मालवाहक विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे। जिसमें अचानक ही भयावह आग लग गई थी, जिसमें लगभग 66 अग्निशमन कर्मी आग बुझाते हुए हादसा में शहीद हो गये थे।**




इन्हीं शहीद अग्निशमन कर्मी की स्मृति में भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। इसी के परिपालन में आज कलेक्टर इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, उप निरीक्षक(अ) राकेश पाण्डेय, फायरमैन विकास शुक्ला ने राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह में अपनी जान गवाने वाले शहीद फायरमैन, जिन्होंने कर्तव्यनिष्ठा से अपने जीवन की आहुति दी। उनकी याद में 2 मिनट का मौन धारण श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात् अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता रैली कर फ्लैग मार्च किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से कोतवाली चैक, चन्द्रपुर ढुंढरा, भैयाथान रोड़ होते हुए शहर के नागरिकों को नारे व पंपलेट के माध्यम से अग्नि से होने वाली दुर्घटना एवं बचाव के बारे में जागरूक किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा जन जागरूकता के लिए एक सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in